# दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


CM एकनाथ शिंदे ने किया बड़ा ऐलान

## अब लाडले भाई को भी हर महीने मिलेंगे 10 हजार रुपए

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार की हाल में 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन (मेरी प्यारी बहन)' योजना शुरू की। इस योजना के तहत 21-65 आयु वर्ग की पात्र महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह सहायता राशि मिलेगी। इस घोषणा के बाद जिसके बाद लाडकी बहिन जैसे ही प्यारे भाईय़ों के लिए भी ऐसी ही एक योजना शुरु करने की मांग की जा रही थी। इस बीच सूबे के सीएम एकनाथ शिंदे ने बड़ा ऐलान किया है। मीडिया से बात करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य में सरकार ने मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन (मेरी प्यारी बहन)' योजना शुरू की है। प्यारी बहन की तरह ही हम अब प्यारे भाईयों यानी छात्रों को भी आर्थिक मदद देने जा रहे है। सीएम शिंदे ने घोषणा की है कि 12वीं पास छात्रों को 6000 रुपये, डिप्लोमा के छात्रों को 8 हजार रुपये और डिग्री के छात्रों को 10 हजार रुपये स्टाइफंड दिया जाएगा।



### विट्ठल रुक्मिणी मंदिर में की आधिकारिक महापूजा

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर आषाढी एकादशी के अवसर पर पंढरपूर के विट्ठल रुक्मिणी मंदिर में आधिकारिक महापूजा की। महापूजा करने के बाद एकनाथ शिंदे ने कहा कि मैं हमेशा भगवान विट्ठल से जनता और किसानों खुशियां मांगी है। किसान खुशहाल हो। अच्छी बारिश हो। किसानों के जीवन में समृद्धी आए। राज्य के लोग खुश रहे।

### 'लड़की बहिन योजना' की पहली किस्त रक्षाबंधन पर होगी जारी

हर महीने मिलेंगे 1,500 रुपए

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि 'लड़की बहिन योजना' की पहली किस्त अगले महीने रक्षाबंधन के त्यौहार के दौरान जारी की जाएगी। फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ सुरजागढ़ इस्पात प्राइवेट लिमिटेड की आधारशिला रखने के लिए गढ़चिरौली जिले में थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद फडणवीस ने मीडिया कर्मियों को बताया, 'हम 15 अगस्त से 19 अगस्त तक रक्षाबंधन त्यौहार के दौरान 'लड़की बहिन योजना' की पहली किस्त जारी करने की दिशा में काम कर रहे हैं।' 'मुख्यमंत्री मांझी लड़की बहिन' योजना के तहत 21 से 60 वर्ष की विवाहित, तलाकशुदा और दूसरों पर निर्भर महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह मिलेंगे, लाभार्थियों की वार्षिक पारिवारिक आय 2 ।5 लाख रुपये तक सीमित होनी चाहिए। रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त को मनाया जाएगा।



## शरद पवार का अजित पवार को बड़ा झटका

4 नेताओं ने दिया पार्टी से इस्तीफा

**पुणे।** महाराष्ट्र में इन दिनों आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है। इस बीच पिंपरी चिंचवाड़ में राष्ट्रवादी कांग्रेस प्रमुख अजित पवार को बड़ा झटका लगा है। बताया जा रहा है कि पिंपरी चिंचवाड़ यूनिट के चार बड़े नेताओं ने इस्तीफा दे दिया है। ऐसे कयास लगाए जा रहे है कि पार्टी छोड़ने वाले नेता शरद पवार की एनसीपी में शामिल हो सकते हैं। कहा यह भी जा रहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले अजित गुट के कई नेता पार्टी का साथ छोड़ सकते है। मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार) के पिंपरी



चिंचवाड़ यूनिट के प्रमुख अजित गव्हाने, पिंपरी चिंचवाड़ छात्र विंग के प्रमुख यश साने, पूर्व पार्षद राहुल भोसले और पंकज भालेकर ने पार्टी से इस्तिफा दे दिया है। सुत्रों की मानें तो, भोसरी विधानसभा सीट पाने में नाकाम होने के बाद गव्हाने ने अपना इस्तीफा दे दिया है।

## बुरी फंसी IAS पूजा खेडकर

फर्जी एड्रेस और राशन कार्ड का किया इस्तेमाल

**मुंबई।** यूपीएससी आरक्षण कोटे का दुरुपयोग करने की आरोपी ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर पर एक और गंभीर आरोप लगा है। पूजा ने विकलांगता का प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए गलत पता और फेक राशन कार्ड का इस्तेमाल किया था। ऐसे में अंदेशा जताया जा रहा है कि आने वाले समय में पूजा के खिलाफ सख्त ऐक्शन लिया जा सकता है।



पूजा खेडकर जब पुणे में ट्रेनी आईएएस के तौर पर तैनात थीं, तो विवादों के घेरे में आ गई थीं। उन्होंने सुख-सुविधाओं के लिए तरह-तरह की डिमांड्स की थीं, जिसके बाद उन्हें वाशिम में ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, फिर बाद में बड़ा ऐक्शन लेते हुए उनकी ट्रेनिंग को भी रद्द कर दिया गया। पूजा खेडकर ने सर्टिफकेट हासिल करने के लिए जो पता यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल अस्पताल (वाईसीएम) को दिया था वह- प्लॉट नंबर 53, देहू-अलंदी, तलवाडे था। उन्होंने दावा किया था कि यह उनका निवास है, जोकि पिंपरी चिंचवाड़ इलाके में आता है। हालांकि, इस एड्रेस पर उनका घर नहीं, बल्कि थर्मोवेरिटा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड नामक एक बंद कंपनी पाई गई। यानी कि पूजा खेडकर का विकलांगता सर्टिफिकेट पाने के लिए लगाया गया घर का पता भी फेक निकला, जिससे उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

दायित्वनामा

## काश कि हम फिर से गंवार हो जाएं...



कहते हैं कि शब्द हैं, जो इंसान को बेहतर या बदतर फील कराते हैं। यह शब्द अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है। आज हम बात कर रहे हैं गंवार शब्द के विषय में। यदि आपको किसी को नाराज करना है, तो आप उसे गंवार कह दीजिए, फिर वह गांव वाला ही क्यों न हो, उसे गंवार शब्द से दिक्कत है।

पहले दुनिया गांवों में रहती थी, फिर लोग शहरों की तरफ आए। शहरी सभ्यता ने मनुष्य को बेहतर जीवन दिया। फिर शहरी लोगों ने गांव में रहने वाले लोगों को, उनके तौर-तरीकों को गंवार का नाम दिया। गंवार का अर्थ था गांव में रहने वाला सीधा-साधा व्यक्ति। समय बदलते गया, शहर का अहंकार बढ़ता गया और ऐसा समय आया कि शहरी लोगों ने गंवार शब्द के साथ हीनता का भाव जोड़ दिया।



**अरुण लाल**
arunlal.y@gmail.com

अब गंवार शब्द का अर्थ मूर्ख होना, असभ्य होना हो गया। अब गांव में रहने वाला व्यक्ति ही गंवार नहीं रह गया। अब तो हर वह व्यक्ति गंवार है जो सामने वाले के हिसाब से नहीं सोचता-समझता। मतलब यह है कि दो लोग एक दूसरे को गंवार समझ सकते हैं। इधर शहरों ने आसमान की ऊंचाई छू ली है। इसके बाद शहरों की चकाचौंध इतनी बढ़ी कि आज शहरी लोग गांव के जीवन की तरफ लालच से देखते हैं। ताजी हवा, मोटी रोटी, चौपाल, शहरी शोरगुल से दूरी, गलाकाट प्रतियोगिता से दूरी। ऐसे तो गांव भी पूरी तरह से बदल गए हैं। आज गांव में रहने वाला भी गंवार नहीं रहा है। वहां भी शहरी चालाकी ने लोगों को जकड़ना शुरू कर दिया है। कह सकते हैं कि शहरों ने गांवों को निगलना शुरू कर दिया।

दुनिया का कोई भी शहर क्या करता है, वह लोगों को सुविधाओं से भर देता है। इतनी ज्यादा कि व्यक्ति इनके बिना जीवन की कल्पना से डरने लगता है। व्यक्ति पूरा जीवन इस भय में निकाल देता है कि कहीं उससे ये सुविधाएं छीन न ली जाएं। शहरों की सबसे बड़ी आबादी पूरा जीवन इस बात में लगा देती है कि आने वाला पल बेहतर होगा। ज्यादातर आबादी के लिए जीवन में कुछ पल ही ऐसे आते हैं, जब वह अपने आज के लिए जीता है, कम से कम भारत का शहरी जीवन तो ऐसा ही भागता-दौड़ता है। यहां व्यक्ति कल के लिए आज को खपाता रहता है।

गांवों की हालत शहरों से थोड़ा बेहतर हुई है। कारण यह है कि शहरी सुविधाएं गांवों में पहुंच तो रही हैं, पर अभी यहां गलाकाट प्रतियोगिता और कल की बेहिसाब चिंता की मानसिकता बनी नहीं है, जिसके कारण अभी यहां सुकून का जीवन बचा हुआ है।

शहर, शहर में गांव तलाशने लगा है। लोग योग सेंटर, प्रवचन सेंटर, मोटीवेशनल लेक्चर, शहर से दूर के हिल स्टेशनों की सैर करते हुए गांव को जीना चाहता है। कुछ पलों के लिए वह गांव को जीता है, अगले ही पल बहुत सारा जमा कर लेने की फिराक में जुट जाता है।

मैं समझता हूं कि मनुष्य इतना समझदार, इतना संवेदनशील कभी नहीं रहा। ऐसा होने पर जीवन अपने सर्वश्रेष्ठ काल में होना चाहिए था, पर ऐसा नजर नहीं आता। इसका मुख्य कारण तृष्णा का सारी सीमाओं को तोड़कर आगे बढ़ जाना है। कुछ लोगों की तृष्णा इतनी बढ़ी है कि वे समाज के सारे संसाधनों को अपने कंट्रोल में रखते हैं। इसके बाद तृष्णा का क्रमशः बंटवारा होता जाता है। हर बड़ी मछली अपने से छोटी मछली को दबोच कर अपने लिए संसाधन जुटाने में लगी हुई है।

हम समझते हैं कि हमारा दायित्व है कि हम सभी शहरी लोगों को गंवार होने की प्रेरणा दें। हम सभी का दायित्व है कि हम समझें कि सारे संसाधन यहीं रह जाएंगे। इसलिए जो है, उनका उपयोग करना ही संसाधनों का सम्मान है। लोगों को शहरी समझदारों की तरह संसाधनों की अंधी दौड़ में शामिल होने की बजाए गंवारों की तरह जीवन उत्सव का लुत्फ उठाना चाहिए।

## एंटी नक्सल यूनिट C 60 की सर्जिकल स्ट्राइक

भीषण मुठभेड़ में जवानों ने मार गिराए 12 नक्सली

**धीरज सिंह । गढ़चिरौली**

छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने बुधवार को मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मौके से हथियार और अन्य सामान भी बरामद हुआ है। फिलहाल इलाके में सर्चिंग जारी है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ करीब 6 घंटे तक चली है। वहीं मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर सहित 2 जवान घायल हुए हैं। घायल सब इंस्पेक्टर सतीश पाटील महाराष्ट्र की C-60 फोर्स के जवान हैं। उन्हें बाएं कंधे में गोली लगी है। उन्हें हेलिकॉप्टर से कांकेर के बांदा से गढ़चिरौली भेजा गया। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ कांकेर के पंखाजुर और महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जंगल में हुई है। गढ़चिरौली से महाराष्ट्र पुलिस और C-60 के जवान सुबह करीब 10 बजे सर्चिंग पर निकले थे। इसी बीच झारावंडी थाना क्षेत्र के जंगल में दोपहर करीब 1:30 से 2:00 बजे के बीच नक्सलियों से सामना हो गया। मुठभेड़ में घायल सब इंस्पेक्टर को जवान बाहर निकाल कर लाए। उनके कंधे में गोली लगी है। मुठभेड़ में घायल सब इंस्पेक्टर को जवान बाहर निकाल कर लाए। उनके कंधे में गोली लगी है।



### 12 से 15 नक्सलियों के मौजूद होने की मिली थी सूचना

जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र पुलिस को सूचना मिली थी कि वंडोली गांव में 12 से 15 नक्सलियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। इस पर डिप्टी एसपी ऑप्स के नेतृत्व में 7 सी-60 दलों को वंडोली गांव में छत्तीसगढ़ बॉर्डर के पास भेजा गया। दोपहर में सर्चिंग के दौरान अचानक से नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

### मारे गए नक्सलियों में सिर्फ एक की पहचान


इस पर जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। करीब 6 घंटे तक रुक-रुक कर दोनों ओर से फायरिंग जारी रही। मुठभेड़ खत्म होने के बाद जवानों ने इलाके में सर्चिंग की। इसमें 12 नक्सलियों के शव बरामद हो गए हैं। इनमें सिर्फ एक की पहचान दलम प्रभारी डीवीसीएम लक्ष्मण आत्राम उर्फ विशाल आत्राम के रूप में हुई है।

## राज्य में लागू होगी 'महा वचन उत्सव 2024'

अभिनेता अमिताभ बच्चन को ब्रांड एंबेसडर के रूप में दी गई मंजूरी

**दोपहर संवाददाता । पुणे**

शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राज्य के सभी प्रबंधन स्कूलों में 22 जुलाई से 30 अगस्त तक 'महा वचन उत्सव 2024' पहल लागू की जाएगी। इस पहल के लिए दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन को ब्रांड एंबेसडर के रूप में मंजूरी दी गई है। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सरकार का निर्णय जारी किया है। स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए पढ़ना जरूरी है। पढ़ने से उनकी सीखने की गति बढ़ती है। पढ़ने से छात्रों का बौद्धिक विकास बढ़ता है। तदनुसार, 22 नवंबर 2023 को राज्य के सभी स्कूलों में 'वाचन अभियान' को लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस गतिविधि में 66 हजार स्कूलों और 52 लाख छात्रों ने भाग लिया है। यह गतिविधि रीड इंडिया सेलिब्रेशन के सहयोग से आयोजित की गई। इस पृष्ठभूमि में राज्य के सभी प्रबंधन, सभी मीडिया स्कूलों में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में 'महा वचन उत्सव 2024' गतिविधि लागू करने का निर्णय लिया गया है।





### क्या है महावचन उत्सव का उद्देश्य?

'महावचन उत्सव 2024' का उद्देश्य पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना, छात्रों में पढ़ने की रुचि पैदा करना, छात्रों को मराठी भाषा, मराठी साहित्य, मराठी संस्कृति से जोड़ना, छात्रों की रचनात्मकता और भाषा संचार कौशल को बढ़ावा देना, गुणवत्तापूर्ण साहित्य और लेखकों को पेश करना है। इसके लिए दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन को इस पहल के सद्भावना ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी गई है।

### तीसरी से 12वीं तक के छात्र लेंगे हिस्सा

इस गतिविधि में कक्षा 3 से 12वीं तक के सभी छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। इसके लिए तीन ग्रुप बनाए गए हैं। जिसमें 3 से 5वीं, 6वीं से 8वीं, 9वीं से 12वीं शामिल है। भाग लेने वाले सभी छात्र पढ़ी गई पुस्तक पर अपने विचार लिखित और वीडियो प्रारूप में 'महा वचन उत्सव 2024' की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। साथ ही तहसील स्तर पर पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के लिए 3 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।




एनसीबी की बड़ी सफलता

# 60 करोड़ के नशीले पदार्थ की जब्ती के बाद सिंडिकेट का अहम सदस्य गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । मुंबई

मुंबई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने नवी मुंबई में एक बड़े मादक पदार्थ गिरोह के प्रमुख सदस्य को गिरफ्तार किया है। एनसीबी ने एक महीने पहले करीब 60 करोड़ रुपए मूल्य का मेफेड्रोन जब्त किया था। एनसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि 26 जून को वाशी में मादक पदार्थ जब्ती के बाद सूफियान खान का नाम सामने आया था।

इस घटना में एनसीबी ने 31.5 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया और मुंबई के नागपाड़ा, डोंगरी और वडाला इलाकों से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था, जिससे इस मादक पदार्थ रैकेट का पर्दाफाश




हुआ था। अधिकारी ने बताया कि सूफियान खान लगातार अपने ठिकाने और फोन नंबर बदलता रहा। विशेष सूचना के आधार पर एनसीबी ने सोमवार को वाशी के एक लॉज से सूफियान खान को गिरफ्तार किया। सूफियान खान मुंबई के सीवरी इलाके से अपने कार्यों को संचालित करता था और उसका आपराधिक इतिहास रहा है। इस मामले की जांच अभी भी जारी है।

### 26 जून को 60 करोड़ की एमडी जब्त की थी

बता दें कि 26 जून को एनसीबी ने एक बड़े अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए 60 करोड़ रुपए की 31.50 किलोग्राम मेफेड्रोन (एमडी) और 69.13 लाख रुपए नकद जब्त कर मुंबई से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर एनसीबी के अधिकारियों ने दक्षिण मुंबई के नागपाड़ा इलाके से तस्कर मुशर्रफ जेके और उसके सहयोगियों द्वारा संचालित मादक पदार्थ सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया।



### आरोपी ने किया था भंडाराण का खुलासा

पूछताछ के दौरान आरोपी ने एक भंडारण स्थान का खुलासा किया। एनसीबी के बयान के अनुसार नौशीन नाम की एक महिला के कमरे की तलाशी में 10.5 किलोग्राम मेफेड्रोन और ड्रग्स की बिक्री से प्राप्त 69.13 लाख रुपए बरामद हुए।

### ड्रग कैरियर को वडाला इलाके से पकड़ा

सूचना के आधार पर एनसीबी अधिकारियों ने सैफ नाम के एक ड्रग कैरियर को वडाला इलाके से पकड़ा और उसके पास से 11 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ये मादक पदार्थ मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) के विभिन्न हिस्सों में आपूर्ति के लिए थे। अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी का गिरोह लंबे समय से सक्रिय था।

पोर्श केस

नाबालिग को जमानत देने में प्रक्रियात्मक चूक का मामला

# किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों पर होगी कार्रवाई



दोपहर संवाददाता । मुंबई/पुणे

पुणे पोर्श दुर्घटना मामले में नाबालिग आरोपी को जमानत दिए जाने के मामले में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के दो सदस्यों के खिलाफ जांच कर रहे पैनल ने बड़ी सिफारिश की है। समिति के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि प्रक्रियात्मक चूक के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

### केस डायरी

दरअसल, 19 मई को कल्याणी नगर इलाके में दो आईटी पेशेवरों की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। उनकी मोटरसाइकिल को तेज रफ्तार पोर्श कार ने टक्कर मार दी थी, जिसे कथित तौर पर नशे में धुत नाबालिग चला रहा था। मामले ने पूरे देश में उस वक्त तूल पकड़ लिया था, जब जेजेबी के सदस्य एलएन दानवड़े ने आरोपी को सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने सहित बहुत ही नरम शर्तों पर जमानत दे दी थी। इसके बाद महाराष्ट्र के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने आरोपी नाबालिग को जमानत देने वाले जेजेबी के दो सदस्यों की जांच करने के लिए समिति का गठन किया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियों, अनियमितता और नियमों का पालन नहीं किए जाने जैसे विषयों पर बात की है। डब्ल्यूसीडी की ओर से गठित समिति ने जांच के तहत जेजेबी के दोनों सदस्यों के बयान भी दर्ज किए। डब्ल्यूसीडी अधिकारी ने नाम न बताने की शर्ता पर बताया कि रिपोर्ट में समिति ने प्रक्रियागत खामी के लिए जेजेबी के दो सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की है। तथ्यों के आधार पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उनके जवाब संतोषजनक नहीं थे, इसलिए हमने राज्य सरकार को पत्र लिखकर दोनों सदस्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव किया है।

# मुंबई सेंट्रल एवं बरौनी स्टेशनों के बीच चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन



दोपहर संवाददाता । मुंबई

त्योहारों और छुट्टियों के दौरान ट्रेनों में भीड़ बहुत आम बात है। ऐसे में पैसेंजर्स की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए रेलवे लगातार स्पेशल ट्रेनों का इंतजाम करती है। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा अतिरिक्त यात्रियों को समायोजित करने के उद्देश्य से मुंबई सेंट्रल एवं बरौनी स्टेशनों के बीच विशेष किराये पर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।

### किन स्टेशनों पर रूकेगी ट्रेन

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, उज्जैन, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, मनकापुर, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

### इन स्पेशल ट्रेनों का किया इंतजाम

**ट्रेन संख्या 09145/09146** मुंबई सेंट्रल – बरौनी साप्ताहिक स्पेशल (12 फेरे)

**ट्रेन संख्या 09145 मुंबई** सेंट्रल–बरौनी स्पेशल सोमवार को मुंबई सेंट्रल से 10.30 बजे प्रस्थान करेगी और बुधवार को 04.00 बजे बरौनी पहुँचेगी। यह ट्रेन 22 जुलाई, 2024 से 26 अगस्त, 2024 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09146 बरौनी–मुंबई सेंट्रल स्पेशल गुरुवार को बरौनी से 01.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 18.40 बजे मुंबई सेंट्रल पहुँचेगी। यह ट्रेन 25 जुलाई, 2024 से 29 अगस्त, 2024 तक चलेगी।

वाहन छोड़ने के लिए मांगी थी रिश्वत

# 70 हजार की रिश्वत लेते आरपीएफ सब इंस्पेक्टर गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई

महाराष्ट्र के नवी मुंबई में तैनात रेलवे सुरक्षा बल के एक उपनिरीक्षक को सीबीआई ने रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इल्जाम है कि आरपीएफ का वो सब इंस्पेक्टर एक शख्स से जब्त किए गए ट्रेलर को छोड़ने की एवज में 70 हजार रुपये की रिश्वत ले रहा था। इस मामले को लेकर सीबीआई ने यहां जारी एक बयान में कहा कि आरोपी सब इंस्पेक्टर की पहचान बबलू कुमार के तौर पर हुई है, जो आरपीएफ की उरण चौकी में तैनात है। एसआई बबलू को रिश्लत लेने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। सीबीआई की ओर से कहा गया कि इस मामले की जांच के दौरान सीबीआई की टीम ने महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण क्षेत्र में आरोपी सब इंस्पेक्टर बबलू कुमार के आवासीय परिसर में भी तलाशी ली।

### क्या है मामला?

सीबीआई के हवाले से कहा गया है कि एक शख्स ने अपने जब्त ट्रेलर को छोड़ने के लिए रेलवे अदालत में एक आवेदन दायर किया था, जिस पर 20 जुलाई को सुनवाई होनी थी। आरोपी उपनिरीक्षक ने उस व्यक्ति को धमकी दी कि अगर उसने रिश्वत नहीं दी तो वह अदालत के आदेश के बाद भी ट्रेलर को नहीं छोड़ेगा। सीबीआई के बयान में कहा गया है कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के बाद सीबीआई ने बुधवार को जाल बिछाया और आरोपी सब इंस्पेक्टर बबलू कुमार को उस



समय रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया, जब वह शिकायतकर्ता से 70,000 रुपये की रिश्वत ले रहा था।

सीबीआई से मिली जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 19 जुलाई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# ठाणे मनपा आयुक्त राव ने मेट्रो कार्यों का किया निरीक्षण

दोपहर संवाददाता । ठाणे

मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बुधवार शाम को ठाणे मनपा क्षेत्र में चल रहे मेट्रो निर्माण हेतू सड़क मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। ठाणे मनपा कमिश्नर राव ने तीन हाथ नाका, माझीवाड़ा नाका, आनंद नगर, कसारवडवली, नगला बंदर नाका की पूरी बेल्ट में चल रहे कार्यों को देखा। राव ने इसके बाद फिर पेपर कंपनी के सामने वाले पुल को जल्द से जल्द शुरू करने के लिए तेजी से काम करने के निर्देश दिए।



उल्लेखनीय है कि ठाणे नगर निगम, मेट्रो, लोक निर्माण विभाग, एमएमआरडीए के माध्यम से सड़क मरम्मत का काम भी चल रहा है। सर्विस रोड को दुरुस्त करने का काम चल रहा है। साथ ही कासार वडवली नाका पर सड़क को पक्का करने का काम शुरू हो गया है। आयुक्त राव ने वहां चल रहे काम को भी देखा. इस समय, मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो के तहत सड़क की मरम्मत का काम ठीक से चल रहा है और अधिक से अधिक बैरिकेड हटा दिए गए हैं। इस निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त (यातायात) डॉ. विनय कुमार राठौड़, अपर आयुक्त प्रशांत रोडे, नगर अभियंता प्रशांत सोनगरा और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

ठाणे मनपा आयुक्त हुए सक्रिय

# मेरी लाडली बहन योजना सहायता कक्ष का किया दौरा

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने आज बुधवार की शाम को ठाणे मनपा द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के लिए शुरू किए गए सहायता कक्ष का दौरा किया। सबसे पहले ठाणे मनपा कमिश्नर राव ने स्कूल नंबर 23, किसन नगर में सहायता केंद्र पर रजिस्ट्रेशन स्टाफ के साथ-साथ मौजूद महिलाओं से बातचीत भी की। इसके बाद उन्होंने ठाणे शहर में नौपाड़ा स्थित दिव्यांग माधा केंद्र में सहायता कक्ष का भी दौरा किया। इस अवसर पर मनपा आयुक्त सौरभ राव ने उपस्थित लोगों से पूछा कि योजना की जानकारी लेने या आवेदन करने में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनगरा, उपायुक्त अंगा कदम, सहायक आयुक्त सोपान भाइक और लक्ष्मण गरुड़कर उपस्थित थे. ।उल्लेखनीय है कि इस योजना के प्रति लोगों में आकर्षण है और आज टीएमसी स्कूल नंबर 23 में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# महिला को पालतू कुत्ते ने नोच डाला, गंभीर रूप से जख्मी

कुत्ता मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर पुलिस स्टेशन की हद में के 48 वर्षीय महिला को पालतू कुत्ते द्वारा काटने की दर्दनाक घटना सामने आयी है. कुत्ते के काटने से महिला बुरी तरह से जख्मी हो गयी। पुलिस ने कुत्ते मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

उल्हासनगर कैंम्प-2 सोनार गली में रहनेवाली कोमल सुरेश नागदेव(48) 16 जुलाई की दोपहर डेढ़ बजे के दरम्यान शनि मंदिर के पास सूखने के लिए डाले कपड़े उतार कर घर लौट रही थी कि एक कुत्ते ने झपटा मारकर उनके हाथ व कंधे को काट किया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। महिला ने कुत्ते के मालिक महेश पुनवाणी के खिलाफ उल्हासनगर पुलीस स्टेशन में मामला दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है ।मामले की जांच मामले की जांच पुलिस उपनिरीक्षक निकिता कर रही है।

# हंसी-मंजाक के चक्कर में चली गई जान

दोपहर संवाददाता । डोम्बिवली

डोंबिवली में दोस्तों के साथ मौज मस्ती करना एक महिला की जान पर भारी पड़ गया। दरअसल डोंबिवली के विकास नाका इलाके में एक पार्टी के दौरान एक महिला की तीसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई है। इस महिला के साथ मस्ती कर रहे बंटी नाम के युवक को लोगों ने किसी तरह बचा लिया। लेकिन महिला की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बता दें कि इसका वीडियो बिल्डिंग में लगी सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### तीसरी मंजिल से गिरी महिला की मौत

दरअसल डोंबिवली ईस्ट के विकास नाका इलाके में ग्लोब स्टेट नाम की एक बिल्डिंग है। गुड़िया देवी और मनीष कुमार इसी बिल्डिंग के एक ऑफिस में साफ-सफाई का काम करते हैं। यह डोंबिवली पूर्व में पिसवली क्षेत्र में आता है। उनका एक बेटा और एक बेटी है। गुड़ियादेवी बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर अपने साथियों के साथ थीं। वह बिल्डिंग के पास तीसरी मंजिल पर बैठी थीं। सीढ़ी छोटी है। जब वह वहां बैठी थी तो बंटी नाम का उसका सहकर्मी उसके साथ मस्ती करने लगा। दोनों मस्ती कर रहे थे। इस दौरान गुड़िया देवी बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर अपने साथियों के साथ थी।



### हंसी-मजाक में चली गई जान

इसी दौरान मस्ती करते हुए गुड़िया देवी रेलिंग के करीब आई और फिर बैलेंस बिगड़ते ही अचानक तीसरी मंजिल से नीचे जा गिरी। उसके साथ मौज मस्ती कर रहा बंटी नाम का युवक अपना संतुलन खो बैठा। वहीं भी गिरने वाला था, लेकिन किसी तरह उसकी जान बच गई। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मानपाड़ा पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। देखना यह है कि पुलिस इस मौज मस्ती करने वाले युवक के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है। बता दें कि घटना की सीसीटीवी फुटेज भी अब सामने आ चुकी है।

# डुप्लीकेट सिम का अंतरराष्ट्रीय जाल

3 लोगों से 800 सिम कार्ड बरामद

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे पुलिस की सायबर सेल ने चित्तलसर पुलिस स्टेशन में लोगों को व्हाट्सएप ग्रुप पर शेयर बाजार में अधिक लाभ का प्रलोभन देकर ऑन लाइन पद्धति से 29 लाख 30 हजार की ठगी किए जाने का पर्दाफाश किया है।

### ठाणे के पुलिस उपायुक्त ने दी जानकारी

ठाणे के पुलिस उपायुक्त पराग मानेरे ने आज बताया कि जब शिकायतकर्ता को किए गए मोबाइल नंबर की पहचान की गई तब ज्ञात हुआ कि वह छत्तीसगढ़ में रायपुर शहर से किए गए थे।इसके बाद ठाणे सायबर सेल के सहायक पुलिस निरीक्षक मंगल सिंह चव्हाण, प्रदीप सरफरे और पुलिस उप निरीक्षक सुभाष साल्वी ने रायपुर में छापे डाले तब आरोपी छत्तीसगढ़ में जगदलपुर से 22वर्षीय अफताब इरशाद ढेवर तथा 27वर्षीय मनीष कुमार मोहित देशमुख भिलाई छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार कर 779 सिम कार्ड, एक लैपटॉप, 2 बायपास राउटर, 23 मोबाइल हैंडसेट, 50 क्रेडिट/डेबिट काड्र्स ,20चेकबुक ,पासबुक और नगद राशि भी बरामद की गई है। आरोपियों ने 30मोबाइल सेट से 2600मोबाइल सिम कार्ड छत्तीसगढ़ त्रिपुरा में एक्टिव किए थे।



### दुबई तक नेटवर्क

इन दोनों को गिरफ्तार करने के बाद दुबई में सिम कार्ड बैचने वाले 48वर्षीय भाईजान उर्फ हाफीज लईक अहमद को उत्तर पूर्व दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि रायपुर बिलासपुर( छत्तीसगढ़ ) से यह सक्रिय सिम कार्ड कंबोडिया ,चीन और दुबई तक भेजते थे ।इस तरह इन तीनों आरोपियों ने 3हजार डुप्लीकेट सिम कार्ड बैंच दिए थे ।इनके हांगकांग से भी लिंक सामने आई है।

ठाणे पुलिस को यह भी ज्ञात हुआ कि 3हजार सिम कार्ड से कई व्हाट्स एक्टिवेट कर करीब छह बैंक से चेकबुक, डेबिट कार्ड खाता खोलकर कर लेनदेन किया गया ।यह गिरोह राजस्थान , हरियाणा, आंध्र प्रदेश, एमपी, गुजरात , तेलंगना और केरल में सक्रिय था। ठाणे पुलिस द्वारा भी इन प 14 मामले दर्ज किए गए हैं।

### प्रसिद्ध मोबाइल कंपनी के गैलरी में काम करते थे ये आरोपी

प्रसिद्ध मोबाइल कंपनी के गैलरी में काम करने वाले ये आरोपी युवक जब किसी ग्राहक को नया सिम कार्ड इशू करने के पहले जब थंब इंप्रेशन लेते थे तब वह दो बार इंप्रेशन लेते थे। ग्राहक को बताया जाता था कि एक बार थंब इंप्रेशन से सिम एक्टिव नही हुई है ।इस तरह बह दूसरा डुप्लीकेट सिम कार्ड अपने पास रखकर दूसरों को बैंच दिया करते थे। डुप्लीकेट सिम कार्ड के मामले में 48 वर्षीय भाईजान उर्फ हाफीज लईक अहमद को उत्तर पूर्व दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि रायपुर बिलासपुर (छत्तीसगढ़) से यह सक्रिय सिम कार्ड कंबोडिया ,चीन और दुबई तक भेजते थे ।इस तरह इन तीनों आरोपियों ने 3हजार डुप्लीकेट सिम कार्ड बैंच दिए थे। ठाणे पुलिस को ज्ञात हुआ कि 3हजार सिम कार्ड से कई व्हाट्स एक्टिवेट कर करीब छह बैंक से चेकबुक ,डेबिट कार्ड खाता खोलकर कर लेनदेन किया गया ।यह गिरोह राजस्थान, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, एमपी, गुजरात, तेलंगना और केरल में सक्रिय था। ठाणे पुलिस द्वारा भी इन पर 14 मामले दर्ज किए गए हैं।

# श्री कृष्ण गौशाला दुतीय सर्वसाधारण बैठक का आयोजन



दोपहर संवाददाता । पालघर

श्री कृष्ण गौशाला दुतीय सर्वसाधारण बैठक का आयोजन किया जिसमें संस्थागत विषयों पर चर्चा कर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पास किए गये इस अवसर पर अध्यक्ष दत्ता भाऊ पंडारे, उपाध्यक्ष राजन काशीनाथ पाटील, सचिव संदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष अवधेश यादव, कार्य अध्यक्ष हीरालाल मौर्य, सलाहकार दिलीप विश्वनाथ पाटिल, प्रचार प्रसिद्ध प्रमुख ओम प्रकाश एन यादव, कमेटी मेंबर ओम प्रकाश उपाध्याय, विलियम डाबरे, नितिन चौधरी, विनय गोकावर आदि उपस्थित रहे और सरस्वती से बैठक में प्रस्ताव पारित किए गए।

# ऑटो चालक कीमती गहनों व कागजात का बैग लेकर हुआ फरार

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर-एक ऑटो चालक द्वारा यात्री का कीमती गहनों व कागजात से भरा बैग लेकर हुआ फरार होने की घटना सामने आयी है। मध्यवर्ती पुलिस अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश में जुट गई है। उल्हासनगर-3 थारा सिंह दरबार के पास शिवलोक आपरमेंट में रहने वाली बिस्मिल्ला शेख ने मध्यव्रती पुलिस में एक ऑटो चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाते हुए जानकरी दी की 13 जुलाई को विठ्ठलवाड़ी स्टेशन से अपने बेटे बबलू के साथ ऑटो क्रमांक एम एच 05/डी यू 5211 से 17 सेक्शन के लिए ऑटो पर सवार हुई। उनके साथ उनका 3 लगेज का बैग था। घर पहुँच कर ऑटो से दो बैग उतर कर तीसरा बैग उतारने के लिए जैसे बढ़ी कि ऑटो चालक तेजी से ऑटो रिक्शा लेकर फरार हो गया।

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



**अनमोल विचार** सत्य समय की बेटी है, अधिकार की नहीं : रॉबर्ट हुक

# शिवसेना के मंत्री को नीति आयोग में शामिल न किए जाने पर उद्धव गुट का तंज

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने अपने मंत्री को पुनर्गठित नीति आयोग में जगह नहीं मिलने पर शिवसेना पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पुनर्गठित नीति आयोग में शिंदे सेना के लिए कोई जगह नहीं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने मंगलवार को नीति आयोग का पुनर्गठन किया। इसमें चार पूर्णकालिक सदस्य और 15 केंद्रीय मंत्री, जिनमें भाजपा के सहयोगी भी शामिल हैं। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव को पुनर्गठित समिति में जगह नहीं मिली। जाधव महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से हैं। शिवसेना (यूबीटी) मंत्रियों को आयोग में जगह न मिलने पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, ₹पुनर्गठित नीति आयोग में शिंदे सेना के लिए कोई जगह नहीं। जब नीति ही अनैतिक, सत्ता हथियाना है, तो समझ सकते हैं।

## एअर इंडिया ने 2200 भर्तियां निकाली, 25 हजार कैंडिडेट पहुंचे

# मुंबई एयरपोर्ट पर भगदड़ जैसी स्थिति बनी

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुंबई में मंगलवार (16 जुलाई) को एयरपोर्ट लोडर की 2,216 वैकेंसी पर 25 हजार से अधिक कैंडिडेट इंटरव्यू के लिए पहुंच गए। इससे मुंबई एयरपोर्ट पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। एयर इंडिया के कर्मचारियों को भीड़ को कंट्रोल करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसी दौरान के कई फोटो और वीडियो भी सामने आए हैं, जिनमें नौकरी के लिए आए युवाओं की भारी भीड़ दिख रही है। फॉर्म काउंटर तक पहुंचने के लिए कैंडिडेट एक-दूसरे से धक्का-मुक्की करते नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आवेदकों को बिना भोजन और पानी के घंटों इंतजार करना पड़ा। ऐसे में कईं की तबीयत खराब होने लगी।

### 400 km दूर से इंटरव्यू के लिए पहुंचा



बुलढाणा जिले के प्रथमेश्वर ने बताया कि वो लोडर जॉब का इंटरव्यू देने के लिए 400 km दूर से सफर करके यहां पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, मैं अप्रेंटिस पोस्ट के लिए अप्लाई करने आया हूं। इसके लिए 22,50 रुपए सैलरी है। प्रथमेश्वर ने आगे बताया कि वो BBA सेकेंड ईयर के स्टूडेंट हैं। लेकिन अगर उनकी नौकरी लग जाती है तो वो पढ़ाई छोड़ देंगे। साथ ही उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि रोजगार के अवसर बढ़ाने किए जाए। राजस्थान के अलवर से मुंबई आए एक अन्य कैंडिडेट ने बताया कि उसके पास एमकॉम की डिग्री है। उसने कहा, 'मैं गवर्नमेंट जॉब की तैयारी भी कर रहा हूं, किसी ने मुझे बताया कि यहां सैलरी अच्छी है तो मैं इंटरव्यू देने आया हूं।'

### एयरपोर्ट लोडर को मिलती है 20-25 हजार की सैलरी

एयरपोर्ट में लोडर के पद पर भर्ती होने वाले कर्मचारियों प्लेन में सामान चढ़ाने, उतारने के साथ ही बैगेज बेल्ट और रैंप ट्रैक्टर चलाने का काम करते हैं। एक प्लेन को सामान, कार्गो और फूड सप्लाई के लिए कम से कम 5 लोडरों की जरूरत होती है। एयरपोर्ट लोडर का 20 से 25 हजार प्रतिमाह के बीच सैलरी मिलती है। हालांकि ज्यादातर लोडर ओवरटाइम काम करके 30 हजार से अधिक पैसा कमा लेते हैं। लोडर की जॉब के लिए एजुकेशन क्वालिफिकेशन बेसिक होती है जबकि कैंडिडेट फिजिकली स्ट्रांग होना चाहिए।

# भुजबल की मुलाकात पर बोले पवार



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के बीच जारी वार-पलटवार के बीच एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल से अपनी मुलाकात पर प्रतिक्रिया दी है। शरद पवार ने कहा, उन्होंने बारामती में कुछ अच्छे भाषण दिए थे और मेरे बारे में कुछ कहा था। फिर वे मुझसे मिलने आए, उस दिन मैं ठीक नहीं था लेकिन हमारी मुलाकात हुई।

### 'आरक्षण को लेकर जरांगे और सीएम के बीच बात हुई'

शरद पवार ने आगे बताया कि, छगन भुजबल ने मुझे महाराष्ट्र के हित में बातें बताईं और चाहते थे कि मैं चर्चा के लिए आऊं... उन्होंने मुझे एक बैठक के बारे में बताया जिसमें मैं शामिल नहीं हुआ...वह बैठक सीएम ने बुलाई थी, यह आरक्षण के मुद्दे पर एक सर्वदलीय बैठक थी। वहीं मराठा आरक्षण को लेकर पैदा हुए विवाद पर एनसीपी-एससीपी प्रमुख ने कहा कि- मनोज जरांगे पाटिल ने मराठा आरक्षण पर सीएम से बात की, जब वे अनशन पर थे...मुझे उन बातचीत के बारे में पता नहीं था।

### समन्वय करना सरकार की जिम्मेदारी- शरद पवार

इस मुद्दे पर मनोज जरांगे और राज्य सरकार के लोग बातचीत कर रहे हैं...लेकिन हमें नहीं पता कि वे क्या चर्चा कर रहे हैं, इसलिए, जब तक मुझे उनकी बातचीत के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिल जाती, हम कोई रुख कैसे अपना सकते हैं?। हमारी मुलाकात के दौरान छगन भुजबल ने मुझे कुछ कदम उठाने को कहा, अन्यथा महाराष्ट्र में कुछ समस्याएं होंगी। लेकिन मुझे लगता है कि समन्वय करना सरकार की जिम्मेदारी है। जब सभी निर्णय सरकार लेती है, हमें अलग रखकर, अब वे चाहते हैं कि हम शांति स्थापित करने के लिए हस्तक्षेप करें।

# 55वीं डाक पेंशन अदालत का आयोजन




**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई द्वारा डाक विभाग के पेंशनभोगियों / परिवार पेंशनभोगियों के लिए 55वीं डाक पेंशन अदालत का आयोजन 20-08-2024 को 11.00 बजे मुख्य पोस्टमास्टर जनरल का कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, मुंबई – 400 001 में किया जाएगा । इस पेंशन अदालत में डाक विभाग से सेवानिवृत्त/सेवाकाल में मृत हुए महाराष्ट्र और गोवा राज्य के लोगों की पेंशन हितलाभों संबंधी ऐसी शिकायतों को लिया जाएगा जिनका तीन माह के भीतर निपटारा नहीं हुआ है।

पेंशन अदालत में विशुद्ध रूप से कानूनी बिंदुओं जैसे कि उत्तराधिकार, कल्पित पेंशन, टीबीओपी/एमएसीपी पदोन्नति, वेतन में वृद्धि एवं नीतिगत मसलों से जुड़े अनुशासनिक मामलों वाली शिकायतों तथा डी.पी.सी की समीक्षा के लिए लंबित मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा। पेंशनभोगी नीचे दिए गए प्रपत्र में अपनी शिकायतें तीन प्रतियोंमें लेखा अधिकारी, पेंशन अदालत, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल का कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, चौथी मंजिल, न्यु एनेक्स भवन, मुंबई – 400 001 को 31-07-2024 को या इससे पूर्व वैयक्तिक रुप से (थोक में या दूसरों की ओर से नहीं) भेज सकते हैं। 31-07-2024 के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर पेंशन अदालत में विचार नहीं किया जाएगा।

# मुंबई को मिलेगी अंडरग्राउंड मेट्रो की सौगात

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

सपनों के शहर मुंबई को एक नई मेट्रो लाइन की सौगात मिलने जा रही है। इस नई लाइन को 'Aqua Line'नाम से जाना जाएगा, जो मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो लाइन भी होगी। इस मेट्रो लाइन का एक खास कनेक्शन दिल्ली मेट्रो से भी है। मुंबई की ये नई लाइन 33 I5 किलोमीटर लंबी है। ये आरे कॉलोनी से शुरू होकर कफ परेड तक जाएगी। इस लाइन पर अभी करीब 27 स्टेशन पड़ेंगे। ये लाइन इसी महीने चालू होने जा रही है।

### 24 जुलाई से हो जाएगी चालू



मुंबई मेट्रो की 'एक्वा लाइन' का ऑपरेशंस 24 जुलाई से चालू किए जाने का प्लान है। ये जानकारी माईगव डॉट इन पर एक अपडेट में दी गई है। ये कोलाबा-बांद्रा-एईईपीजेड को आपस में जोड़ेगी। ये लाइन मुंबई के ट्रैफिक की पूरी तस्वीर बदल देगी। ये मुंबई के कुछ सबसे व्यस्त इलाकों से भीड़भाड़ को कम करने में मदद करेगा।

### ये होगा टाइम टेबल

इस लाइन पर मेट्रो सर्विस सुबह साढ़े छह बजे से रात 11 बजे तक मिलेगी। यहां मेट्रो की फ्रीक्वेंसी हर 5 मिनट में होगी। मेट्रो लाइन पर ट्रेन 90 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। इस करीब 35 किमी की यात्रा को पूरा करने में लगभग 50 मिनट का समय लगेगा। सड़क मार्ग से ये सफर तय करने में करीब 2 घंटे लगते हैं।

### इन 27 स्टेशनों से गुजरेगी

इस मेट्रो लाइन पर 27 स्टेशन बनाए गए हैं। इसमें से 26 जमीन के नीचे बने हैं। मेट्रो लाइन कफ परेड, विधान भवन, चर्चगेट, हुतात्मा चौक, सीएसटी मेट्रो, कालाबादेवी, गिरगांव, ग्रांट रोड, मुंबई सेंट्रल मेट्रो, महालक्ष्मी, साइंस म्यूजियम, आचार्य आत्रे चौक, वर्ली, सिद्धिविनायक, दादर, शीतलादेवी, धारावी, बीकेसी, विद्यानगरी, सांताक्रूज, डोमेस्टिक एयरपोर्ट, सहर रोड, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, मैरोल नाका, एमआईडीसी, एसईईपीजेड और आरे डिपॉट से जाएगी।

**महाराष्ट्र MLC चुनाव**

# क्रॉस वोटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का काउंटडाउन

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों के खिलाफ कांग्रेस एक्शन की तैयारी कर रही है। प्रदेश के प्रभारी ने स्थानीय नेतृत्व से बात करके रिपोर्ट ली, जिसे संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल को सौंप दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, क्रॉस वोटिंग करने वाले विधायकों में जीतेश अंतापुरकर, मोहन हमबारडे, सुलभा खोडके, जीशान सिद्दीकी और हिरामन खोशकर हैं।

# भाजपा के गले की हड्डी बन गए हैं अजित पवार

- शरद पवार गुट का दावा
- संघ की रिपोर्ट से गरमाई राजनीति

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन को लेकर संघ ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिससे महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। दरअसल संघ ने अपने साप्ताहिक मराठी अखबार की एक रिपोर्ट में दावा किया है कि राज्य में भाजपा के खराब प्रदर्शन की वजह अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी से गठबंधन है। आरएसएस के इस दावे पर एनसीपी (एसपी) ने कहा है कि अब भाजपा को अजित पवार की जरूरत नहीं है।

### 'लोगों ने बताया असली एनसीपी कौन सी है'



एनसीपी (एसपी) प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने कहा कि ये दिखाता है कि अब भाजपा को अजित पवार जी और उनकी टीम की जरूरत नहीं है। भाजपा पार्टियां और परिवार तोड़ती है ताकि कुछ वोट पा सके। लेकिन महाराष्ट्र के लोगों ने सिद्ध कर दिया है कि असली एनसीपी कौन सी है, जिसका नेतृत्व शरद पवार करते हैं। लोगों ने बता दिया है कि असली शिवसेना कौन सी है, जिसका नेतृत्व उद्धव ठाकरे करते हैं। भाजपा को ये पता चल गया है कि अजित पवार के साथ से उन्हें नुकसान हुआ है। यहां तक कि अजित पवार गुट के नेताओं को भी ये अहसास हो गया है कि उन्होंने अजित पवार के साथ आकर गलती कर दी है। मुझे लगता है कि अब समय आ गया है, जब भाजपा, अजित पवार से पल्ला झाड़ना चाहती है।'

### 'विधानसभा चुनाव से पहले कई नेता अजित पवार का साथ छोड़ देंगे'

एनसीपी (एसपी) प्रवक्ता ने कहा कि 'लोकसभा चुनाव में अजित पवार गुट ने खराब प्रदर्शन किया, जो उनके साथ गए, उन्हें हारना पड़ा। अब वे सभी लोग कह रहे हैं कि अगर वे अजित पवार के साथ रहे तो उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ सकता है। विधानसभा चुनाव से पहले कई नेता अजित पवार को छोड़ सकते हैं।' संघ की रिपोर्ट पर एनसीपी एसपी नेता सुप्रिया सुले ने कहा कि ये उनका आंतरिक मामला है और इस बारे में भाजपा और आरएसएस ही जवाब दे सकते हैं।

### लेख में कहा गया- एनसीपी से गठबंधन से खुश नहीं थे कार्यकर्ता

संघ के मराठी साप्ताहिक अखबार की रिपोर्ट में कहा गया है कि हर भाजपा कार्यकर्ता ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन की एक वजह एनसीपी के साथ गठबंधन को बताया है। साफ है कि भाजपा कार्यकर्ताओं को एनसीपी के साथ गठबंधन रास नहीं आया। भाजपा नेताओं को भी ये पता था। शिवसेना के साथ भाजपा के गठबंधन को शुरुआती अड़चनों के बाद हिंदुत्व के नाते स्वीकार कर लिया गया था। वहीं जिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने विचारधारा के स्तर पर एनसीपी से लड़ाई लड़ी थी, वो इस गठबंधन से नाराज हुए। लेख में ये भी कहा गया है कि हिंदुत्व, प्रशासन, उद्योग, अर्थव्यवस्था, शिक्षा और रोजगार के मुद्दे पर भी लोगों में थोड़ी नाराजगी थी, खासकर पढ़े-लिखे मध्यम वर्ग में इन मुद्दों पर खासी नाराजगी देखी गई। बीते दिनों हुए लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा, एनसीपी और शिवसेना के गठबंधन वाले महायुति गठबंधन को सिर्फ 17 सीटों से संतोष करना पड़ा था, वहीं कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और एनसीपी एसपी को जनता का भरपूर समर्थन मिला था।

# आरक्षण मुद्दे पर प्रकाश आंबेडकर 25 जुलाई से निकालेंगे जनयात्रा

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र में आरक्षण मुद्दे को लेकर वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए) 25 जुलाई को राज्य के कुछ हिस्सों में आपक्ष बचाओ जनयात्रा आयोजित करेगी। पार्टी प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने इसकी जानकारी दी। मंगलवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने मांग की कि बिना आवेदन किए लोगों को जारी किए गए कुनबी जाति प्रमाण पत्र को रद्द किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने राजनीतिक पार्टियों से भी आरक्षण मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। उन्होंने सेज सोयारे (रक्त संबंधी) अधिसूचना को लागू करने की मांग को कोटा में मिलावट बताया। प्रकाश आंबेडकर ने कहा कि अदालत ने पहले भी इसके खिलाफ फैसला दे चुकी है। कार्यकर्ता मनोज जरांगे राज्य सरकार के उस मसौदा अधिसूचना को लागू करने की मांग कर रहे हैं जो कुनबियों को मराठा समुदाय के सदस्यों के सेज सोयारे के रूप में मान्यता देती है। उन्होंने सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाणपत्र जारी करने की मांग की, जिससे सभी मराठों को कोटा का लाभ मिल सकें।

# भारत को मिला छत्रपति शिवाजी महाराज का बाघ नख

- मुंबई से कड़ी सुरक्षा में सतारा के लिए रवाना

**दोपहर संवाददाता | पुणे/सतारा**

छत्रपति शिवाजी महाराज ने जिस बाख नख का इस्तेमाल करके अफजल खान को मारा था। वह बुधवार को लंदन से मुंबई एयरपोर्ट पहुंच गया। बाघ नख को महाराष्ट्र के सतारा जिले में एक प्रदर्शनी में रखा जाएगा। बाघ नख को लंदन के विक्टोरिया और अल्बर्ट म्यूजियम से मुंबई एयरपोर्ट लाया गया है। राज्य सरकार पिछले कुछ समय से शिवाजी महाराज द्वारा इस्तेमाल किए गए बाघ नख को भारत लाने की कोशिश हो रही थी। आख़िरकार बुधवार को बाघ नख का इंतजार खत्म हो गया। महाराष्ट्र सरकार के दो मंत्रियों ने इसके लिए पिछले दिनों लंदन का दौरा किया था। उन्होंने बाघ नख को हासिल करने के लिए वहां पर एमओयू भी किया था। लंबी प्रक्रिया के बाद भारत को शिवाजी महाराज द्वारा इस्तेमाल किए गया बाघ नख मिला है।






### सुबह 10 बजे पहुंचे वाघ नख

सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों और सतारा पुलिस की निगरानी में लंदन से बाघ नख को सतारा पहुंचाया जाएगा। बाघ नख सुबह 10 बजे मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंचे। पिछले कुछ वर्षों से राज्य सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा इस्तेमाल किए गए बाघ नख को भारत लाने की कोशिश कर रहीथी। बाघ के पंजे को सीमा शुल्क अधिकारियों और पुरातत्व विभाग के अधिकारियों की टीम लंदन गई थी। बाघ नख को पुलिस सुरक्षा में सतारा पहुंचाया जाएगा।

### सतारा में लगेगी प्रदर्शनी

लंदन से लाए गए बाघ के पंजे शाहुंगरी, सतारा में प्रदर्शन के लिए रखे जाएंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए सतारा जिले में जबरदस्त तैयारियां की गई हैं। इसके लिए एक समारोह का आयोजन किया गया है और यह भव्य और शाही अंदाज में किया जाएगा। बाघ नख के स्वागत समारोह में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के भी मौजूद रहने की उम्मीद है। बाघ नख सात महीने तक शिवाजी महाराज संग्रहालय में रहेंगे। जिले के दो स्कूलों के छात्र मुफ्त में बाघ नख देख सकेंगे। अन्य लोगों से 50 रुपये का टिकट लिया जाएगा। यह सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

# उपभोक्ता आयोग ने 'अमीनो-स्पाइक्ड' व्हे प्रोटीन बेचने के लिए कंपनी को फटकार लगाई

**दोपहर संवाददाता | मुंबई**




17 जुलाई (भाषा) एक उपभोक्ता आयोग ने अपने स्वास्थ्य उत्पादों में से एक में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने के लिए ''अज्ञात'' अमीनो एसिड का इस्तेमाल करने के लिए एक निजी कंपनी को सेवा में कमी का दोषी पाया और कहा कि ऐसे उत्पाद चिंता का कारण हैं और स्वास्थ्य पर इनके प्रतिकूल प्रभावों से इनकार नहीं किया जा सकता।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (मुंबई उपनगरीय) ने 15 जुलाई को पारित अपने आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता ने सही कहा है कि इस तरह के उत्पादों का सेवन करना शरीर और दिमाग के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

इसने कंपनी 'बिग मसल्स न्यूट्रिशन' को शिकायतकर्ता द्वारा खरीदे गए उत्पाद की लागत और प्रयोगशाला में जांच के वास्ते हुए खर्च के लिए 36,409 रुपये का भुगतान करने का भी निर्देश दिया।

आदेश में कहा गया है, ''अध्ययनों से पता चलता है कि इस तरह के स्पाइक प्रोटीन पाउडर के इस्तेमाल से अल्पकालिक दुष्प्रभाव सिरदर्द, मुंहासे, सूजन, मतली और दस्त भी हो सकते हैं। इसके अलावा, 'अमीनो-स्पाइक्ड व्हे प्रोटीन' के लंबे समय तक सेवन से कुछ दीर्घकालिक दुष्प्रभाव जैसे हृदय और लीवर संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसमें कहा गया है कि हाल में पूरे भारत में ऐसी मौतें हुई हैं, जो निम्न गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य/न्यूट्रास्यूटिकल उत्पादों के सेवन के कारण हुई हैं। आदेश में कहा गया है कि इसी के परिणामस्वरूप, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने भारत में ऐसी खाद्य/स्वास्थ्य उत्पाद विनिर्माण कंपनियों की अनुचित गतिविधियों की निंदा की। आयोग ने कहा, ''इस संबंध में हालांकि शिकायतकर्ता द्वारा कोई रिपोर्ट, साक्ष्य या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, लेकिन उक्त उत्पाद की प्रयोगशाला में की गई जांच के जरिये रिकॉर्ड पर लाई गई उत्पाद की सामग्री में विषमता निश्चित रूप से चिंता का कारण है और इस तरह के प्रतिकूल प्रभावों को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता। इसने कहा कि अज्ञात अमीनो एसिड के जरिये प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने का प्रयास निंदनीय है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

शिकायतकर्ता ने एक ई-वाणिज्य मंच से 'बिग मसल्स न्यूट्रिशन' का व्हे प्रोटीन 1,599 रुपये में खरीदा था। शिकायतकर्ता के अनुसार, कंपनी द्वारा उक्त उत्पाद के विज्ञापन में दावा किया गया है कि ''व्हे प्रोटीन पाउडर में 24 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन है जिसमें कोई अतिरिक्त चीनी नहीं है''। कंपनी द्वारा किए गए भ्रामक दावों के बारे में उत्पाद की आलोचना होने के बाद हालांकि शिकायतकर्ता ने उक्त उत्पाद की प्रयोगशाला में जांच कराने का निर्णय लिया।


संपादकीय

# सब्सिडी की राजनीति

इसमें दो राय नहीं है कि राजनीतिक दलों ने चुनावों में सफलता के शॉर्टकट के रूप में सब्सिडी को एक हथियार बना लिया है। लेकिन ऐसा करते वक्त वे राज्य की राजकोषीय वास्तविकताओं का ध्यान नहीं रखते। यही वजह है कि विधानसभा चुनाव के दौरान कई लोकलुभावन घोषणाएं करने वाले हिमाचल के मुख्यमंत्री ने राज्य की आर्थिक सेहत के मद्देनजर एक मजबूत फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली हिमाचल प्रदेश सरकार ने करदाता उपभोक्ताओं के लिये मुफ्त बिजली योजना को वापस लेने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। दरअसल, राज्य सरकार को यह कदम हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड यानी एचपीएसईबी के गंभीर वित्तीय संकट के मद्देनजर उठाना पड़ा है। एचपीएसईबी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 18,000 करोड़ रुपये के घाटे की सूचना दी थी। यह निर्णय विभिन्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं को प्रभावित करता है। हालांकि, इस निर्णय में गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले वर्ग व अन्य कमजोर श्रेणियों के लोगों को राहत दी गई है। दरअसल, भारी कर्ज बोझ और राज्य अनुदान व जीएसटी आवंटन में घटते राजस्व के चलते एचपीएसईबी वित्तीय संकट का तनाव झेल रहा है। इस तरह शून्य बिजली बिल प्रावधान को 'एक परिवार, एक मीटर' तक सीमित करके तथा आधार व राशन कार्डों से कनेक्शन को जोड़कर इसे तर्कसंगत बनाने का प्रयास किया गया है। कहा जा रहा है कि इस कदम से बिजली बोर्ड को दो सौ करोड़ रुपये की बचत होगी। निश्चित रूप से हिमाचल सरकार का यह फैसला राज्य की माली हालत के मद्देनजर राजकोषीय वास्तविकताओं का सामना करने पर चुनावी मुफ्त सुविधाओं की नुकसानदायक प्रवृत्ति को ही उजागर करता है। कमोबेश पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने तमाम लोकलुभावनी घोषणाओं के साथ राज्य में सरकार बनायी थी। यही वजह है कि लोग कांग्रेस सरकार पर चुनावी वायदे से मुकरने के आरोप लगा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुफ्त बिजली योजना वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने बड़े उत्साह के साथ आरंभ की थी। इस योजना के अंतर्गत चौदह लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया था। लेकिन अब हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड के आर्थिक संकट के मद्देनजर इस सब्सिडी का दायरा घटाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार में आम आदमी को राहत पहुंचाना सराहनीय कदम है,लेकिन वहीं दीर्घकालीन उद्देश्यों को हासिल करने के लिये राज्य की सेहत को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निश्चित रूप से हिमाचल सरकार के मौजूदा फैसले के कई गहरे निहितार्थ हैं। एक निष्कर्ष यह भी है कि चुनावी वायदों को राजकोषीय जिम्मेदारी के साथ जोड़कर देखने की आवश्यकता है। निस्संदेह, कोई भी सेवा व सुविधा मुफ्त नहीं मिलती। किसी भी सुविधा को मुफ्त देने से सेवा की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। वह संस्थान व विभाग भी घाटे की अर्थव्यवस्था का शिकार होकर रह जाता है। मुफ्त की चीजें और सब्सिडी भले ही राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने की दृष्टि से आकर्षक नजर आती हों, लेकिन उनके दीर्घकालिक आर्थिक प्रभावों को लेकर सावधानी पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। निस्संदेह, सतत विकास और वित्तीय स्थिरता वाली नीतियों के निर्माण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि राजनीतिक दलों की अल्पकालिक लाभ के लिये बनायी गई लोकलुभावनी नीति, राज्य के दीर्घकालिक नुकसान का कारण न बने। निस्संदेह राजनीतिक लाभ के लिये चुनावी आश्वासन महत्वपूर्ण हैं। लेकिन उन्हें राज्य की आर्थिक वास्तविकताओं के साथ संतुलित किया जाना चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि किसी भी सरकार के लिये एक बार दिया गया लाभ या सब्सिडी वापस लेना, राजनीतिक दृष्टि से आसान नहीं होता। लेकिन राज्य की आर्थिक सेहत के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। हिमाचल सरकार के हालिया फैसले में पूरे देश के लिये अनुकरणीय संदेश निहित है।

# रूस के साथ रणनीतिक साझेदारी से क्षेत्रीय संतुलन

के.एस. तोमर



वर्ष 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के बाद, पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों ने रूस को वित्तीय संकट में डाल दिया था। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से 65 अरब डॉलर के लगभग तेल आयात किया जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण योगदान है। इस निर्णय के पीछे एक सामर्थ्यपूर्ण कारण यह रहा कि भारत ने अपने आर्थिक हितों को सुरक्षित रखने के लिए अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों से बचने का प्रयास किया। इस तरह के गठबंधन और व्यापारिक संबंधों के माध्यम से भारत ने रूस को अपने वित्तीय संकट से उभारने में मदद की। यद्यपि भारत और अमेरिका के मध्य संबंध काफी सौहार्दपूर्ण रहे हैं लेकिन रूस से तेल आयात के मामले में भारत चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश बनकर उभरा है। इस बीच, अमेरिका को कमतर दिखाने के लिए चीन और रूस ने अत्यंत प्रभावी संबंध बना लिए थे। वहीं राष्ट्रपति पुतिन द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू प्रदान करके रूस ने भारत के साथ अपने पुराने संबंधों को नई गति प्रदान की है। नौ जुलाई को क्रेमलिन में सम्मान प्रदान करते हुए दोनों देशों में संबंधों को मजबूत करने के मोदी के प्रयासों की भी सराहना की गई। अमेरिका द्वारा आपत्ति दर्ज करते हुए विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि भारत अपना रुख स्पष्ट करे क्योंकि संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के अनुसार यूक्रेन की संप्रभुता को बनाए रखने की सभी की जिम्मेवारी है। इसके साथ ही यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि सभी देशों का दायित्व है कि रूस की आक्रामक नीति और यूक्रेन की जमीन से हमलावरों को खदेड़ने में भारत उसका साथ दे और शांति के लिए पहल करे ताकि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन हो सके। विशेषज्ञों का मानना है कि इन परिस्थितियों में मोदी की मॉस्को यात्रा को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। सभी एकमत हैं कि भारत जहां एक ओर चीन का प्रभाव कम करने में सफल रहा, वहीं आर्थिक और कूटनीतिक दृष्टि से भी फायदे में रहा है। भारत की नीति ही चीन के विश्वस्तर पर बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने में सक्षम है। रूस के साथ पुराने संबंधों को नई दिशा देकर प्रधानमंत्री मोदी ने अच्छी पहल की है। इस यात्रा का सबसे अहम उद्देश्य यह रहा कि चीन की बढ़ती आक्रामक नीतियों के मुकाबले ऐसी व्यवस्था को बल दिया जाये, जिससे आपसी हितों की रक्षा की जा सके। इस प्रकार के संबंधों से चीन या अन्य किसी भी राष्ट्र द्वारा आधिपत्य की कुचेष्टा को रोका जा सकेगा। मोदी की मॉस्को यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पहलू भारत और रूस के रक्षा संबंधों को नई ताकत देना था। रूस भारत के सामरिक संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण और भरोसेमंद सहयोगी रहा है। जहां इन संबंधों को लेकर इस दिशा में अच्छी पहल हुई, वहीं एस 400 मिसाइल सुरक्षा प्रणाली और भविष्य में सामरिक सुरक्षा तकनीक में सहयोग पर भी चर्चा हुई। इन संबंधों का सीधा लाभ भारत की युद्धशक्ति में बढ़ोतरी के अलावा दक्षिण एशिया क्षेत्र में क्षेत्रीय संतुलन बनाए में होगा। भारत और रूस के संबंधों में ऊर्जा सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपने अपार तेल और गैस भंडारों के कारण रूस का अपना महत्व है जो भारत के दृष्टिकोण से अहम है। मोदी की इस यात्रा के दौरान लंबी अवधि के लिए सप्लाई के समझौते और ऊर्जा क्षेत्र में निवेश पर भी बातचीत हुई। इसके अलावा परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग भी वार्ता का हिस्सा रहा। इन समझौतों का यह लाभ होगा कि भारत को भविष्य में अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिलेगी, जिससे देश का आर्थिक विकास तेज होगा। रूस के साथ आपसी बातचीत में प्रधानमंत्री का ध्यान व्यापार को सुदृढ़ करने और पूंजी निवेश को बढ़ावा देना भी विशेष था। इस यात्रा का उद्देश्य था कि ऐसे नये क्षेत्र तलाशे जाएं ताकि व्यापारिक संबंध और बढ़ें। इनमें दवा उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी और कृषि महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे में व्यापारिक संबंधों को सुधारने और विभिन्न स्तरों पर पेश आ रही रुकावटों को दूर करने पर भी चर्चा हुई ताकि निवेश बढ़े और इसका लाभ दोनों देशों को मिल सके। आज के उलझे हुए अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में प्रधानमंत्री की इस यात्रा का मकसद रूस के साथ भारत के रिश्तों को और मजबूत करना था। आज जब अमेरिका और पश्चिमी देश अपने हितों की रक्षा के लिए अन्य राष्ट्रों की अनदेखी करके उन पर अपनी मर्जी थोपने का प्रयास कर रहे हैं, रूस से संबंधों में सुधार भारत की विदेश नीति में नया संतुलन लायेगा। रूस के साथ नए सुधरे हुए संबंध अन्य देशों को यह संदेश देने में सफल रहे हैं कि भारत की विदेश नीति स्वतंत्र और बहुआयामी है। इस यात्रा का यह भी लाभ रहा कि भविष्य में संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संस्थान जैसे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में भारत और रूस एक-दूसरे के सहयोग के कारण अधिक प्रभावशाली भूमिका निभा सकेंगे जिससे विश्व के देशों में व्याप्त आर्थिक विसंगतियों को दूर किया जा सकेगा। भारत-रूस के बीच परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग रहा है। इन क्षेत्रों में और अधिक भागीदारी और सहयोग भी चर्चा का विषय रहा। आज के विश्व में डिजिटल आर्थिक व्यवस्था और साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मोदी की इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई ताकि दोनों देशों को लाभ मिले। ऐसे में मोदी की मॉस्को यात्रा को भारत के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण और सफल माना जा सकता है। इस दौरान अनेक अहम मुद्दों पर न केवल चर्चा हुई बल्कि भविष्य के लिए मानचित्र भी तैयार किया गया। रणनीतिक तौर पर चीन के मुकाबले खड़ा होने और भारत की भूमिका अहम बनाने पर विस्तृत बातचीत हुई। इसके साथ ही पुराने संबंधों को सुदृढ़ करने और नई दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। प्रौद्योगिकी और विज्ञान के क्षेत्र में नए समझौते लाभदायक रहेंगे।

## सहज योग

# धीरे-धीरे निर्विचारिता में जाइए



**मन की अनेक बीमारियां होती है। उधर जरा सा चित्त रखो। निर्विचार में रहो। एक छोटी सी चीज़ करने से ही आपका जो स्वयं, हृदय में बैठा हुआ स्व है, उसका प्रकाश फैलना शुरू होगा और वही प्रकाश है जो आपके अंदर वाइब्रेशन्स की तरह बह रहा है।**

मुझे इतना आश्चर्य होता है कि कम से कम मेरे पैर पर तो विचार छोड़ दो। वहां पर भी उनका चलता रहता है विचार। मैं कोशिश कर रही हूं। हाथ-पैर चला रही हूं, तांडव नृत्य हो रहा है और ये लोग इधर विचार ही कर रहे हैं। कम से कम मेंरे पैर में विचार छोड़ना आना चाहिये। फिर धीरे-धीरे ये आदत बनते जायेगी। निर्विचारिता की। बसू एक छोटी सी चीज़ है, कि निर्विचार में रहना सीखो। कोई भी आपका प्रश्न हो निर्विचार में रहो। ऐसे मैं आपको सुझाव देती रहती हूं। आपका ये चक्र क्यों पकड़ता है, वो क्यों पकड़ता है। छोटी छोटी बातें हैं उसको समझ लेना चाहिए। आपका शरीर ठीक रखो, मन ठीक रखो। मन की भी बहत सारी बीमारियां होती है। औरतों को बीमारी होती है कि आदमियों के पीछे मैं मरू, खास कर के। आदमियों को और बीमारियां होती है। मन की अनेक बीमारियां होती है। उधर जरा सा चित्त रखो। निर्विचार में रहो। एक छोटी सी चीज़ करने से ही आपका जो स्वयं, हृदय में बैठा हुआ स्व है, उसका प्रकाश फैलना शुरू होगा और वही प्रकाश है जो आपके अन्दर वाइब्रेशन्स की तरह बह रहा है। ये आपके अन्दर बसा हुआ परमात्मा का जो अंश है, स्व, सेल्फ, उसका प्रकाश सारे संसार में जाता है और लौट के आपके पास आ जाता है पॅराबोली में। अनेक उसकी लहरें चलती हैं। गोल गोल घूम कर के आपके में जो आ जाता है। अपनी जो बाती है उसे ठीक रखो। आपका शरीर ठीक रखो, हदय आपका दीप है। आपकी जो शक्ति है तेल दीमागी जमाखर्च जो है उसमें खर्च न करो। लौ को सीधे लगाओ। ये लौ का उपर का हिस्सा है, उसको मां से चिपका लो। उसके पैर में बांध दो। सीधी उठेगी लौ। निर्विचारता में निर्भीकता से जलती है। और ऐसा आदमी कहीं खड़ा होगा तो उसकी तेजस्विता को देख कर लोग कहेंगे कि, 'भाई, तुम्हारे कौन हैं? ये तुमने किससे पाया है?' यही सहजयोग के लिए आप लोगों को करना है।

जहां तक हो सके गुरु निर्विचार रहें। हम तो धक्का दे ही रहे हैं कुण्डलिनी को। आपको भी वहां रखने की कोशिश कर रहे हैं। आप भी जरा कोशिश करें। कोई विचार नहीं आना है और अपना माथा किसी के आगे मत झुकाना। याद रखना, किसी के आगे जा कर माथा नहीं झुकाना है। कोई भी हो। बहुत से लोग सहजयोगी, सहजयोगी कह के माथा झुकाते हैं। मैंने देखा है। ये सब फालतू की बातें करने की जरूरत नहीं। मूर्तियों में भी देख के जिसके वाइब्रेशन्स ठीक है, तो ठीक है। मूर्तियों से आप बहुत बड़ी मूर्तियां हैं। आप स्वयं एक मंदिर हैं। क्या वो मूर्ति थोड़ी आपके वाइब्रेशन्स जानती है! वो तो उसमें से वाइब्रेशन्स बस आ ही रहे हैं, बस और क्या हो रहा है। आप तो अपने हाथ भी चला सकते हैं। दूसरों को आप जागृति दे सकते हैं। किसी के चक्र खराब हो उसको आप ठीक कर सकते हैं।


प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा

रॉबर्ट हुक : जन्म 18 जुलाई, 1635 — जन्म

# सत्य समय की बेटी है, अधिकार की नहीं

**रॉबर्ट हुक 17वीं सदी के एक अंग्रेज वैज्ञानिक थे, जिन्हें कोशिकाओं की खोज करने और जीव विज्ञान में स्कोशिकाश शब्द गढ़ने के लिए जाना जाता है। उन्होंने भौतिकी और वास्तुकला में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसमें हुक का लोच का नियम भी शामिल है। हुक ने माइक्रोस्कोप पर भी काम किया, जिसमें पौधों और कीड़ों की संरचना का वर्णन किया गया। रॉबर्ट हुक का जन्म 18 जुलाई, 1635 को हुआ था और उनका निधन 3 मार्च, 1703 को हुआ था।**



प्रकृति सरलता से प्रसन्न होती है। जो कुछ भी है, वह ईश्वर में है, और ईश्वर के बिना कुछ भी नहीं हो सकता। सभी चीजों का जीवन सरसों के दाने के समान है। अपने अध्ययन को अपने विचारों की तरह स्वतंत्र रखें। मनुष्य का सबसे अच्छा और महानतम भाग मन है। प्राकृतिक शरीर के अंगों के किनारों को आसानी से निर्धारित नहीं किया जा सकता है। मैंने केवल फूलों की एक गुलदस्ता बनाई है, और उन्हें बांधने वाली रस्सी के अलावा कुछ भी नहीं लाया हूं। मेरे प्रयोगों से यह परिकल्पना हर मामले में सत्यापित होती है। सबसे मजबूत और सबसे घातक जहर मन के होते हैं। सत्य समय की बेटी है, अधिकार की नहीं। जहां तक उस उत्कृष्ट छोटे ग्रंथ की बात है जो आपने मेरे पास छोड़ा था, मैंने उसे बार-बार पढ़ा है, और हालांकि मैंने इसे पहले भी पढ़ा था, मुझे लगता है कि मैंने इसमें इतना कुछ कभी नहीं खोजा। दुनिया एक भ्रम है जिसे लोग आधी नींद में देखते हैं। सभी ने आविष्कार की प्रशंसा की, और हर कोई उसे याद करता है कि वह कितना आविष्कारक था। मैं इस मामले पर विचार करूंगा, और अपने आप को इसके बारे में सोचने का प्रस्ताव दूंगा। सत्य समय की बेटी है, और मुझे बीते समय के लिए कोई पछतावा नहीं है। मैं एक मेहनती पाठक बना रहूंगा, और शायद मैं खुद का अधिकतम लाभ नहीं उठा पाऊंगा। मैं दार्शनिक लेन-देन पढ़ता हूं और सोचता हूं कि इसे छोड़ना नहीं चाहिए। जो सज्जन मुझे द्रवों के संतुलन के बारे में लिखते हैं, वे मामले को पूरी तरह से नहीं समझते हैं। कुछ शरीर बहुत अधिक लचीले होते हैं, और ठंड लगने पर दूसरों की तुलना में अपना आकार खोने के लिए अधिक प्रवण होते हैं।

## शख्सियत — प्रियंका चोपड़ा

# बॉलीवुड की 'देसी गर्ल'



**प्रियंका चोपड़ा एक प्रसिद्ध भारतीय कलाकार, गायिका, निर्माता और मॉडल हैं। प्रियंका चोपड़ा 2000 में मिस वर्ल्ड खिताब की विजेता हैं। चोपड़ा अपने खूबसूरत लुक और अभिनय प्रतिभा के लिए सबसे प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं, जिनमें एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और पांच फिल्मफेयर पुरस्कार शामिल हैं।**

प्रियंका चोपड़ा का जन्म 18 जुलाई 1982 को झारखंड के जमशेदपुर में एक मध्यमवर्गीय हिंदू परिवार में हुआ है। उनके पिता अशोक चोपड़ा भारतीय सेना में एक चिकित्सक थे और उनकी मां मधु चोपड़ा भी भारतीय सेना में एक डटक्टरथीं। उनका गृहनगर बरेली, उत्तर प्रदेश, भारत है। अपने माता-पिता की नौकरी के कारण उनका पालन-पोषण दिल्ली, चंडीगढ़, अंबाला और लद्दाख, लखनऊ, बरेली और पुणे जैसे कई स्थानों पर हुआ। उनका एक छोटा भाई सिद्धार्थ चोपड़ा है जो एक बिजनेसमैन है।

प्रियंका चोपड़ा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत बॉलीवुड फिल्म अंदाज से की थी। फिल्म में उनके सह-कलाकार मिस यूनिवर्स लारा दत्ता और अक्षय कुमार थे। इस फिल्म के लिए प्रियंका चोपड़ा को दो अवॉर्ड मिले। उनकी अगली फिल्म एतराज़ मेगाहिट नहीं थी लेकिन फिल्म में उनके नकारात्मक किरदार के लिए उनकी काफी प्रशंसा की गई। फिल्म हीरो के लिए, उन्हें सहायक भूमिका में नई महिला अभिनेत्री के नामांकन में स्टार डस्ट अवार्ड 2003 मिला। फिल्म कृष प्रियंका के करियर की सबसे लोकप्रिय फिल्म है।

प्रियंका चोपड़ा को साल 2006 में ईस्टर्न आई में एशिया की सबसे सेक्सी महिला के रूप में भी नामांकित किया गया था। यह प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री गार्नियर, टैग ह्यूअर, पेप्सी, नेस्ले, नोकिया और अन्य जैसे कुछ बेहद प्रतिष्ठित ब्रांडों की ब्रांड एंबेसडर भी रही है।भारत सरकार ने प्रियंका को 2016 में पद्म श्री से सम्मानित किया। उनका नाम दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल था। उन्हें फोर्ब्स द्वारा 2017 और 2018 में दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं में भी दर्ज किया गया था।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# सच्चाई और शुभ कर्मों के आगे विवश हुआ काल



एक चतुर व्यक्ति को काल से बहुत डर लगता था। एक दिन उसे चतुराई सूझी और काल को अपना मित्र बना लिया,उसने अपने मित्र काल से कहा- मित्र, तुम किसी को भी नहीं छोड़ते हो, किसी दिन मुझे भी गाल में धर लोगे। काल ने कहा- ये मृत्यु लोक है. जो आया है उसे मरना ही है. सृष्टि का यह शाश्वत नियम है इस लिए मैं मजबूर हूं. पर तुम मित्र हो इसलिए मैं जितनी रियायत कर सकता हूं, करूंगा ही. मुझ से क्या आशा रखते हो साफ-साफ कहो। व्यक्ति ने कहा- मित्र मैं इतना ही चाहता हूं कि आप मुझे अपने लोक ले जाने के लिए आने से कुछ दिन पहले एक पत्र अवश्य लिख देना ताकि मैं अपने बाल- बच्चों को कारोबार की सभी बातें अच्छी तरह से समझा दूं और स्वयं भी भगवान भजन में लग जाऊं। काल ने प्रेम से कहा- यह कौन सी बड़ी बात है, मैं एक नहीं आपको चार पत्र भेज दूंगा. चिंता मत करो. चारों पत्रों के बीच समय भी अच्छा खासा दूंगा ताकि तुम सचेत होकर काम निपटा लो। मनुष्य बड़ा प्रसन्न हुआ सोचने लगा कि आज से मेरे मन से काल का भय भी निकल गया, मैं जाने से पूर्व अपने सभी कार्य पूर्ण करके जाऊंगा तो देवता भी मेरा स्वागत करेंगे। दिन बीतते गये आखिर मृत्यु की घड़ी आ पहुंची. काल अपने दूतों सहित उसके समीप आकर बोला- मित्र अब समय पूरा हुआ. मेरे साथ चलिए. मैं सत्यता और दृढ़तापूर्वक अपने स्वामी की आज्ञा का पालन करते हुए एक क्षण भी तुम्हें और यहां नहीं छोड़ूंगा। मनुष्य के माथे पर बल पड़ गए, भृकुटी तन गयी और कहने लगा- धिक्कार है तुम्हारे जैसे मित्रों पर. मेरे साथ विश्वासघात करते हुए तुम्हें लज्जा नहीं आती? तुमने मुझे वचन दिया था कि लेने आने से पहले पत्र लिखूंगा. मुझे बड़ा दुःख है कि तुम बिना किसी सूचना के अचानक दूतों सहित मेरे ऊपर चढ़ आए. मित्रता तो दूर रही तुमने अपने वचनों को भी नहीं निभाया। काल हंसा और बोला- मित्र इतना झूठ तो न बोलो. मेरे सामने ही मुझे झूठा सिद्ध कर रहे हो. मैंने आपको एक नहीं चार पत्र भेजे. आपने एक भी उत्तर नहीं दिया। मनुष्य ने चौंककर पूछा – कौन से पत्र? कोई प्रमाण है? मुझे पत्र प्राप्त होने की कोई डाक रसीद आपके पास है तो दिखाओ। काल ने कहा – मित्र, घबराओ नहीं, मेरे चारों पत्र इस समय आपके पास मौजूद हैं।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# संगति का असर

एक बार एक राजा शिकार के उद्देश्य से अपने काफिले के साथ किसी जंगल से गुजर रहा था. दूर-दूर तक शिकार नजर नहीं आ रहा था, वे धीरे धीरे घनघोर जंगल में प्रवेश करते गए. अभी कुछ ही दूर गए थे की उन्हें कुछ डाकुओं के छिपने की जगह दिखाई दी. जैसे ही वे उसके पास पहुचें कि पास के पेड़ पर बैठा तोता बोल पड़ा – तोते की आवाज सुनकर सभी डाकू राजा की और दौड़ पड़े. डाकुओ को अपनी और आते देख कर राजा और उसके सैनिक दौड़ कर भाग खड़े हुए. भागते-भागते कोसो दूर निकल गए. सामने एक बड़ा सा पेड़ दिखाई दिया. कुछ देर सुस्ताने के लिए उस पेड़ के पास चले गए , जैसे ही पेड़ के पास पहुचे कि उस पेड़ पर बैठा तोता बोल पड़ा – तोते की इस बात को सुनकर राजा हैरत में पड़ गया , और सोचने लगा की एक ही जाति के दो प्राणियों का व्यवहार इतना अलग-अलग कैसे हो सकता है. राजा को कुछ समझ नहीं आ रहा था. वह तोते की बात मानकर अन्दर साधु की कुटिया की ओर चला गया, साधु महात्मा को प्रणाम कर उनके समीप बैठ गया और अपनी सारी कहानी सुनाई. और फिर धीरे से पूछा, "ऋषिवर इन दोनों तोतों के व्यवहार में आखिर इतना अंतर क्यों है." साधु महात्मा धैर्य से सारी बातें सुनी और बोले ," ये कुछ नहीं राजन बस संगति का असर है. डाकुओं के साथ रहकर तोता भी डाकुओं की तरह व्यवहार करने लगा है और उनकी ही भाषा बोलने लगा है. अर्थात जो जिस वातावरण में रहता है वह वैसा ही बन जाता है कहने का तात्पर्य यह है कि मूर्ख भी विद्वानों के साथ रहकर विद्वान बन जाता है और अगर विद्वान भी मूर्खों के संगत में रहता है तो उसके अन्दर भी मूर्खता आ जाती है. इसिलिय हमें संगति सोच समझ कर करनी चाहिए."

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# बेहतर करियर के लिए बनें वॉयस-ओवर आर्टिस्ट

वॉयस-ओवर आर्टिस्ट कई शो, मूवी, विज्ञापन और एनिमेशन के पीछे छिपी आवाज़ें हैं जिन्हें हम पसंद करते हैं। भारत में, वॉयस-ओवर आर्टिस्ट की मांग में काफी वृद्धि हुई है। यह तेजी से बढ़ते मनोरंजन उद्योग, क्षेत्रीय सिनेमा और कई भाषाओं में कंटेंट की आवश्यकता के कारण है। भारत में वॉयस-ओवर आर्टिस्ट के रूप में करियर को समझने के लिए यहां एक सरल गाइड दी गई है।

## वॉयस-ओवर आर्टिस्ट क्या होता है?

वॉयस-ओवर आर्टिस्ट कई तरह की कंटेंट के लिए आवाज़ देता है। जैसेः-

**फ़िल्में और टीवी शोः** अलग-अलग भाषाओं में किरदारों के लिए डबिंग।

**विज्ञापनः** टीवी, रेडियो और ऑनलाइन विज्ञापनों के लिए आवाज़।

एनिमेशन और **कार्टूनः** एनिमेटेड किरदारों को जीवंत बनाना।

**ई-लर्निंग और ऑडियोबुकः** शैक्षणिक सामग्री और किताबों का वर्णन करना।

**कॉर्पोरेट वीडियोः** प्रचार और सूचनात्मक वीडियो के लिए आवाज़ देना।



## आवश्यक कौशल

सफल वॉयस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए, आपको कुछ खास कौशल की ज़रूरत होती है :

**साफ़ आवाज़ और अच्छा उच्चारणः** आपकी आवाज़ साफ़ होनी चाहिए और आपका उच्चारण सटीक होना चाहिए।

**बहुमुखी प्रतिभाः** किरदार या संदर्भ के अनुसार अपनी आवाज़ बदलने की क्षमता।

**भावनात्मक सीमा :** अपनी आवाज़ के ज़रिए अलग-अलग भावनाएं व्यक्त करना।

**भाषा प्रवीणता :** कई भाषाओं में पारंगत होना एक बड़ा फ़ायदा हो सकता है।

**पढ़ने का कौशल :** स्क्रिप्ट को सहजता और स्वाभाविकता से पढ़ पाना।

## करियर शुरू करने के लिए कुछ जरूरी स्टेप्स

**प्रशिक्षण और शिक्षा :** जबकि औपचारिक शिक्षा अनिवार्य नहीं है, आवाज़ प्रशिक्षण कक्षाएं लेना बहुत मददगार हो सकता है। कई संस्थान आवाज़ मॉड्यूलेशन और डिक्शन में पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं।

**अभ्यास :** ज़ोर से पढ़ने, अपनी आवाज़ रिकॉर्ड करने और उसे सुनने का अभ्यास करें। फ़िल्मों, कार्टून और विज्ञापनों में सुनी गई आवाज़ों और शैलियों की नकल करने की कोशिश करें।

**एक डेमो रील बनाएं :** यह आपके सबसे अच्छे वॉयस-ओवर काम का एक छोटा संकलन है। इसमें आपकी रेंज और बहुमुखी प्रतिभा को दिखाया जाना चाहिए। आप अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न प्रकार की स्क्रिप्ट का उपयोग कर सकते हैं।

**होम स्टूडियो स्थापित करेंः** शुरुआत में, आप एक बुनियादी सेटअप के साथ शुरुआत कर सकते हैं। एक अच्छी गुणवत्ता वाला माइक्रोफ़ोन, हेडफ़ोन और रिकॉर्डिंग सॉफ़्टवेयर जरूरी हैं। जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, आप बेहतर उपकरणों में निवेश कर सकते हैं।

**नेटवर्किंग :** उद्योग में लोगों से जुड़ें। सोशल मीडिया पर वॉयस-ओवर कलाकार समूहों में शामिल हों, कार्यशालाओं में भाग लें और स्थानीय मीटअप में भाग लें।

**ऑडिशन और फ्रीलांसिंगः** अपवर्क, फ़ाइवर और वॉयस डॉट कॉम जैसी वेबसाइटें फ्रीलांसिंग के अवसर प्रदान करती हैं। अनुभव प्राप्त करने और अपना पोर्टफोलियो बनाने के लिए नियमित रूप से ऑडिशन में भाग लें।

## अवसर

विविध भाषाई परिदृश्य वॉयस-ओवर कलाकारों के लिए कई अवसर प्रदान करता है। यहां कुछ क्षेत्र दिए गए हैं जहां आप काम पा सकते हैंः

**मनोरंजन उद्योग :** बॉलीवुड, क्षेत्रीय सिनेमा और टीवी चैनलों को डबिंग कलाकारों की आवश्यकता है।

**विज्ञापन :** डिजिटल मार्केटिंग के विकास के साथ, ऑनलाइन विज्ञापनों में वॉयस-ओवर कलाकारों की बहुत मांग है।

**एनीमेशन और गेमिंग :** एनिमेशन स्टूडियो और गेम डेवलपर्स को प्रतिभाशाली वॉयस-ओवर कलाकारों की आवश्यकता है।

ई-लर्निंगः शैक्षिक प्लेटफ़ॉर्म और ऑडियोबुक प्रकाशकों को कथावाचकों की जरूरत है।

कॉर्पोरेट क्षेत्रः कंपनियां प्रशिक्षण वीडियो, प्रचार कंटेंट बनाती हैं और उन्हें पेशेवर वॉयस-ओवर कलाकारों की आवश्यकता होती है।

चुनौतियां और सुझाव

वॉयस-ओवर आर्टिस्ट में करियर शुरू करने की अपनी चुनौतियां हैंः

प्रतियोगिताः यह उद्योग प्रतिस्पर्धी है। बहुत से लोग वॉयस-ओवर कलाकार बनने की ख्वाहिश रखते हैं, इसलिए अलग दिखना बहुत ज़रूरी है।

अस्थिर आयः शुरुआत में, काम नियमित नहीं हो सकता है। कम या बिना काम वाले दौर के लिए तैयार रहें।

अस्वीकृतिः हो सकता है कि आपको हमेशा भूमिकाओं के लिए चुना न जाए। प्रेरित रहना और अपने कौशल में सुधार करते रहना महत्वपूर्ण है।


## सफलता के लिए सुझाव

**निरंतर सीखना :** अपने कौशल में सुधार करते रहें। फीडबैक को सकारात्मक रूप से लें और अपनी कमज़ोरियों पर काम करें।

**प्रोफेशनलिज्म :** समय-सीमा को पूरा करें और ग्राहकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें।

**स्वास्थ्य :** अपनी आवाज़ का ख्याल रखें। इसे तनाव देने से बचें, हाइड्रेटेड रहें और ऐसी आदतों से बचें जो आपके वोकल कॉर्ड को नुकसान पहुंचा सकती हैं।





# इंडियन आर्मी SSC टेक भर्ती के लिए आवेदन शुरू

## इंजीनियर्स को मौका सैलरी ढाई लाख तक

भारतीय सेना की ओर से शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) टेक (64TH SSC (TECH) MEN & 35th SSC (TECH) WOMEN (APR 2025) के लिए नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई है। उम्मीदवार इंडियन आर्मी की वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। महिला टेक्निकल और नॉन टेक्निकल के पद केवल रक्षा कार्मिकों की विधवाओं के लिए हैं। इन पदों पर अप्लाई करने के लिए महिला उम्मीदवारों के पास बीटेक की डिग्री होनी चाहिए। वहीं नॉन टेक्निकल में ग्रेजुएट महिला उम्मीदवार आवेदन कर सकती हैं।

### वैकेंसी डिटेल्स :

SSC 64 पुरुष : 350 पद
SSC 35 महिला : 29 पद
SSC (W) टेक्निकल : 1 पद
SSC (W) नॉन टेक्निकल : 1 पद
कुल पदों की संख्या : 381

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से इंजीनियरिंग की डिग्री।

जो उम्मीदवार इंजीनियरिंग के लास्ट ईयर या फाइनल सेमेस्टर में हो, वे भी इस भर्ती में भाग ले सकते हैं।

### आयु सीमा :

न्यूनतम आयु : 20 वर्ष
अधिकतम आयु : 27 वर्ष
आयु की गिनती 1 अप्रैल 2025 के अनुसार की जाएगी।

### सैलरी :

पद के अनुसार 56,100 - 2,50,000 रुपए प्रतिमाह।

### सिलेक्शन प्रोसेस :

सबसे पहले उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग की जाएगी।
उसके बाद इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।
मेडिकल टेस्ट के बाद सिलेक्शन होगा।

### ऐसे करें आवेदन :

- ऑफिशियल वेबसाइट joinindianarmy.nic.in पर जाएं।
- होम पेज पर पहले रजिस्ट्रेशन करें।
- लॉग इन करके जरूरी डिटेल्स दर्ज करें।
- मांगे गए डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
- फॉर्म सब्मिट करें। इसका प्रिंट आउट लेकर रखें।

# रेलवे में अप्रेंटिस के 2424 पदों पर निकली भर्ती, 10वीं पास को मौका

## महिलाओं के लिए निःशुल्क



रेलवे भर्ती सेल (RRC), मध्य रेलवे (CR) ने अप्रेंटिस के पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट rrccr.com पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :

50% अंकों के साथ 10वीं की परीक्षा पास की हो।
संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT) या राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (SCVT) द्वारा जारी राष्ट्रीय व्यापार प्रमाणपत्र भी रखा हो।

### आयु सीमा :

उम्मीदवारों की आयु 15 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
एससी, एसटी उम्मीदवारों के लिए आयु में 5 वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट है।

### सिलेक्शन प्रोसेस :

मेरिट लिस्ट
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

### फीस :

सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस : 100 रुपए
महिला, अन्य वर्ग : निःशुल्क

### स्टाइपेंड :

नेशनल और स्टेट सर्टिफिकेट होल्डर को 7000 रुपए प्रति माह स्टाइपेंड ट्रेनिंग के दौरान दिया जाएगा।
ट्रेनिंग के दूसरे साल इसमें 10% की बढ़ोतरी की जाएगी।

### ऐसे करें आवेदन :

ऑफिशियल वेबसाइट rrccr.com पर जाएं।
आरआरसी सीआर अप्रेंटिस भर्ती 2024 के लिए ₹ऑनलाइन आवेदन करें₹ लिंक पर क्लिक करें।
ऑनलाइन अप्लाई के विकल्प पर क्लिक करें।
आवेदन फार्म में मांगी गई सभी जानकारी दर्ज करें।
जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फीस का भुगतान करके फॉर्म सब्मिट करें।
इसका प्रिंट आउट लेकर रखें।

# HLL लाइफकेयर में 1217 पदों पर निकली भर्ती

## लास्ट डेट आज, एज लिमिट 37 साल

**भारत** सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाली एचएलएल लाइफकेयर में 1000 से ज्यादा पदों पर भर्ती निकली हैं। इस भर्ती के लिए 17 जुलाई यानी आज तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म वेबसाइट https://www.lifecarehll.com से डाउनलोड करके भरें। एचएलएल लाइफकेयर में भर्तियां फिक्स्ड टर्म कॉन्ट्रैक्ट बेसिस पर होंगी।

**वैकेंसी डिटेल्स :** सीनियर डायलिसिस टेक्नीशियन/डायलिसिस टेक्नीशियन/जूनियर/असिस्टेंट डायलिसिस टेक्नीशियन- 1206
अकाउंट्स ऑफिसर-2
एडमिन असिस्टेंट-2
प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर-1
सेंटर मैनेजर-5

**कुल पदों की संख्या :** 1217

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**

**सीनियर डायलिसिस टेक्नीशियन :** मेडिकल डायलिसिस टेक्नोलॉजी/रेनल डायलिसिस टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा या बीएससी।
कम से कम आठ साल का अनुभव।
या मेडिकल डायलिसिस टेक्नोलॉजी/ रेनल डायलिसिस टेक्नोलॉजी में एमएससी और कम से कम छह महीने का अनुभव।

**डायलिसिस टेक्नीशियन :** मेडिकल डायलिसिस टेक्नोलॉजी में सर्टिफिकेट कोर्स और सात साल काम का अनुभव।
या मेडिकल डायलिसिस टेक्नोलॉजी/ रेनल डायलिसिस टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा। या बीएससी और पांच साल का अनुभव।
डायलिसिस टेक्नोलॉजी में एमएससी करने का दो साल का अनुभव।

**जूनियर डायलिसिस टेक्नीशियन :** इस पद के लिए उपरोक्त सारी योग्यता समान हैं। सर्टिफिकेट कोर्स किए होने पर 4 साल, डिग्री या डिप्लोमा होने पर दो साल और एमएससी की डिग्री होने पर एक साल का अनुभव होना चाहिए।

**असिस्टेंट डायलिसिस टेक्नीशियन** सर्टिफिकेट कोर्स, 1 साल का अनुभव।

**आयु सीमा :** अधिकतम 37 साल।

**सैलरी :** पद के अनुसार, 24,219 से लेकर 47,507 रुपए प्रतिमाह।

**ऑफलाइन आवेदन करने का पता :** डीजीएम (HR), HLL भवन, #26/4 वेलाचेरी – तांबरम मेन रोड, पल्लीकरनई, चेन्नई – 600 100

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा।

**वृष:** भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

**मिथुन:** मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा।

**कर्क:** विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**सिंह:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

**कन्या:** स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**तुला:** किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है।

**वृश्चिक:** चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा।

**धनु:** तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें।

**मकर:** कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें।

**कुंभ:** डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन:** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

# रोग से मुक्ति पाने के लिए उपाय

(1) सूर्य जब मेष राशि में प्रवेश करें तो नीम की नवीन कोपलें, गुड़ व मसूर के साथ पीस कर खाने से व्यक्ति पूरे वर्ष निरोग तथा स्वस्थ रहता है।

(2) यदि व्यक्ति चिड़चिढ़ा हो रहा है तथा बात-बात पर गुस्सा हो रहा है तो उसके ऊपर से राई-मिर्ची उसार कर जला दें। तथा पीड़ित व्यक्ति को उसे देखते रहने के लिए कहें।

(3) सुबह कुल्ला किए बिना पानी, दूध अथवा चाय न पिएं। साथ ही उठते ही सबसे पहले सबसे पहले अपनी दोनों हथेलियों के दर्शन करें। इससे स्वास्थ्य तो सही रहेगा ही, भाग्य भी चमक उठेगा।

(4) यदि किसी के साथ बार-बार दुर्घटना होती हैं तो शुक्ल पक्ष (अमावस्या के तुरंत बाद का पहला) के प्रथम मंगलवार को 400 ग्राम दूध से चावल धोकर बहती नदी अथवा झरने में प्रवाहित करें। यह उपाय लगातार सात मंगलवार करें, दुर्घटना होना बंद हो जाएगा।



(5) यदि कोई पुराना रोग ठीक नहीं हो रहा हो तो गोमती चक्र को लेकर एक चांदी की तार में पिरोएं तथा पलंग के सिरहाने बांध दें। रोग जल्दी ही पीछा छोड़ देगा।

(6) कोई असाध्य रोग हो जाए तथा दवाईयां काम करना बंद कर दें तो पीड़ित व्यक्ति के सिरहाने रात को एक तांबे का सिक्का रख दें तथा सुबह इस सिक्के को किसी श्मशान में फेंक दें। दवाईयां असर दिखाना शुरू कर देंगी और रोग जल्दी ही दूर हो जाएगा।



प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### हिन्दू युवक-युवतियों का धर्म परिवर्तन और निकाह का आयोजन टला

**रेली।** हिन्दू युवक-युवतियों का धर्म परिवर्तन कराने के साथ ही सामूहिक निकाह का आयोजन टाल दिया गया है।इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) की तरफ से बरेली में 21 जुलाई को इसका आयोजन प्रस्तावित था। आईएमसी ने आयोजन के लिए जिला प्रशासन से इजाजत भी मांगी थी। इसी के बाद बरेली से लेकर वृंदावन तक विरोध हो रहा था। आईएमसी के अनुसार जिला प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति नहीं मिलने के कारण इसे टाल दिया गया है। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान ने कहा कि हम कानून के दायरे में रहकर काम करते हैं। सामूहिक निकाह समारोह प्रशासन की अनुमति मिलने के बाद ही आयोजित किया जाएगा। हमने प्रशासन से इस बाबत अनुमति मांगी थी, लेकिन हमारी अर्जी ठुकरा दी गई। प्रशासन की अनुमति के बगैर यह समारोह आयोजित नहीं किया जाएगा।

### कांवरियों के लिए देवघर में 35 स्थायी-अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र, प्रभारियों की हुई नियुक्ति

**देवघर।** देवघर में श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 35 स्थायी व अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र बनाये जायेंगे। साथ ही मेला स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन के लिए पारा मेडिकल कर्मियों को प्रभार भी दिया गया है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा ने पत्र जारी करते हुए कहा है कि 17 तक मेला कार्यालय में योगदान करने के साथ ही शिविर के लिए आवंटित सामग्री, दवा आदि के साथ 18 जुलाई से अपने आवंटित मेला स्वास्थ्य शिविरों को संचालित करेंगे। साथ ही कहा गया है कि सभी शिविर प्रभारी शिविर में प्रतिदिन इलाज करने वाले कांवरियों का प्रतिवेदन श्रावणी मेला कार्यालय को उपलब्ध करायें।

### कोसी बराज के 19 फाटक खोले गए

कटिहार। बिहार की नदियों के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है। कहीं बाढ़ तो कहीं कटाव की स्थिति बनी हुई है। वीरपुर स्थित कोसी बराज के 19 फाटक खोले गए हैं। कोसी नदी का जलस्तर मंगलवार को बढ़ा हुआ था। मंगलवार को कोसी का जलस्तर दो लाख से अधिक बढ़ते क्रम में था जबकि बुधवार को यह घटते क्रम में दर्ज किया गया। कटिहार में चेतावनी स्तर के करीब गंगा व कोसी नदी पहुंच चुकी है। कई अन्य नदियों में भी उतार-चढ़ाव जारी है। यहां अमदाबाद प्रखंड के भवानीपुर खट्टी पंचायत अंतर्गत बबला बन्ना गांव में गंगा नदी से भीषण कटाव हो रहा है। कोसी नदी के जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है। मंगलवार को फिर बढ़ोतरी हुई। जिससे नदी के तटबंध के भीतर गांव में रहने वाले लोगों की परेशानी बढ़ेगी।

# जल्द मिलेगी उमस से राहत

- 19 जुलाई तक पड़ेंगी बौछारें
- 20 को होगी भारी बारिश

**एजेंसी । लखनऊ**

यूपी वालों को जल्द ही उमस से राहत से मिल सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र ने जानकारी दी है कि बुधवार यानी 17 जुलाई से शुक्रवार 19 जुलाई तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है जबकि 20 जुलाई को प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। इसकी वजह 19 जुलाई के आसपास दक्षिण मध्य और उससे जुड़े उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक नया कम हवा का दबाव क्षेत्र विकसित होने के आसार बन रहे हैं।



### गर्मी के साथ 80 फीसदी उमस में छूट रहा पसीना

बारिश का सीजन चल रहा है लेकिन प्रदेश के ज्यादातर जिलों में गर्मी कम होने का नाम नहीं ले रही। साथ में उमस की अधिकता भी है। बीच सीजन में पसीना छूट रहा है। खुले में ज्यादा देर टिकना मुश्किल है। सांस रोगियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। ताजनगरी आगरा में मानसून के बीच में तापमान 38 डिग्री के आसपास हो चला है। यानी यह शरीर के तापमान से पूरे आठ डिग्री अधिक है। साथ में आर्द्रता का अधिकतम प्रतिशत 80 से 90 के बीच चल रहा है। मौसम के इस बैड कांबीनेशन के चलते वातावरण में आक्सीजन की कमी है। इस कारण खुले स्थान पर कुछ देर ही टिके रहना मुश्किल हो रहा है। पसीना निकल रहा है साथ में सांस लेने में भी दिक्कतें होने लगी हैं। टीबी और सांस के रोगियों के लिए मौसम खतरनाक हो गया है। एसएनएमसी के टीबी और वक्ष रोग विभाग में रोज पांच से सात मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। उन्हें आक्सीजन सपोर्ट भी दिया जा रहा है।

### दिन-रात में सिर्फ 8.5 डिग्री का अंतर

मंगलवार को तेज धूप निकलने से अधिकतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री बढ़कर 37.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक होकर 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यानि दिन और रात के पारे में सिर्फ 8.5 डिग्री का अंतर है। इससे भी बेचैनी बढ़ रही है। आर्द्रता का अधिकतम प्रतिशत 80 रहा है। मौसम विभाग ने बीते 24 घंटों में 9 एमएम बारिश दर्ज की है।


# यूपी उपचुनाव पर योगी की मंत्रियों से मंत्रणा

**एजेंसी । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां अपने आवास पर मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ बैठक की जिसमें आगामी विधानसभा उपचुनाव और राज्य के कई हिस्सों में आई बाढ़ जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। उपचुनाव को लेकर कहा गया कि हर एक ग्रुप को निर्देश भी दिए गए कि सबको अपने प्रभारी क्षेत्र में हफ्ते में दो दिन तक रात्रि विश्राम करनी है। जब तक की चुनाव समाप्त न हो जाए। मुख्यमंत्री की तरफ से सभी प्रभारी मंत्रियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि हर एक ग्रुप को कार्यकर्ताओं के साथ बात करनी है। सबसे ज्यादा फोकस बूथ को मजबूत करने में करना है। सीएम योगी ने मंत्रियों से पूछा कि अपने प्रभार वाली सीटों पर सबने बैठक कर ली या नहीं। उन्होंने मंत्रियों से लगातार इन सीटों पर समय देने और खासतौर से ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं से मिलने को कहा। सीएम ने कहा कि विपक्ष हारकर भी जीतने जैसा माहौल बना रहा है। ऐसे में कार्यकर्ताओं में उत्साह रहे और विपक्ष माहौल खराब न कर सके।

## एक करोड़ के इनामी नक्सली मिसिर बेसरा दस्ते के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़

**एजेंसी । मनोहरपुर**



झारखंड के सारंडा जंगल में एक बार फिर नक्सलियों के साथ सुरक्षा बलों की मुठभेड़ हुई है। बुधवार (17 जुलाई) को सुबह-सुबह हुई मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में गोली-बारूद बरामद किए हैं।

### जराइकेला के घने जंगलों में नक्सलियों का हुआ सुरक्षा बलों से सामना

बुधवार को सुबह करीब 6 बजे जराइकेला थाना क्षेत्र के घने जंगलों में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। सारंडा के जंगल में झारखंड पुलिस, झारखंड जगुआर और कोबरा बटालियन के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की।

### पस्त होकर घने जंगलों की ओर भागा नक्सली दस्ता

कुछ ही देर में नक्सली पस्त हो गए। सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख नक्सली घने जंगलों की तरफ भाग गए। नक्सलियों के वहां से भागने के बाद पुलिस ने पूरे इलाके की सघन तलाशी ली। मुठभेड़ स्थल से सर्च ऑपरेशन के दौरान भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद हुआ है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### सुरक्षित ठिकाने की तलाश में है नक्सली दस्ता

पुलिस सूत्रों का कहना है कि बारिश के मौसम में नक्सली किसी सुरक्षित ठिकाने की ओर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। इसी दौरान सुरक्षा बलों से उनका सामना हो गया। सुरक्षा बलों का जिस नक्सली दस्ता से सामना हुआ, उसे कुख्यात नक्सली कमांडर अनल लीड कर रहा था। हाल के दिन में पाथरबासा में हुई मुठभेड़ के बाद से ही सुरक्षा बलों का निरंतर ऑपरेशन चल रहा है। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस कप्तान आशुतोष शेखर ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

# मैक्लुस्कीगंज में अपराधियों की दहशत

- पहले की फायरिंग फिर दो मजदूरों को पीटकर किया घायल

**एजेंसी । रांची**

रांची के मैक्लुस्कीगंज में अपराधियों ने दहशत फैलाने का काम किया है। घटना अति सवेंदनशील माने जाने वाले बसरिया( हरहु टोला) क्षेत्र में मंगलवार की रात 9:30 बजे की बतायी जा रही है। दरअसल उस इलाके में एक पुल निर्माण हो रहा है। पुल के निर्माण में लगे दो मजदूरों की अपराधियों ने जमकर पिटाई की। बताया जाता है कि दो नकाबपोश अपराधी वहां पहुंचे इसके बाद फायरिंग की। जब मजदूरों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्हें रॉड से मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज कर दी है।



### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार निर्माणधीन पुल के पास दो मजदूर रात्रि भोजन की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान पूर्व दिशा की ओर से दो नकाबपोश अपराधी घटनास्थल पर आ धमके और मजदूरों को बंधक बनाते हुए पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान दूसरे मजदूर ने हिम्मत दिखाते हुए एक अपराधी को पकड़ लिया। इसके बाद एक अपराधी ने अपने बचाव में हथियार निकालकर हवाई फायरिंग की और दो मजदूर दिलीप राम व गुड्डू राम को रॉड से मारकर घायल कर दिया। जाते जाते अपराधियों ने उनके मोबाइल छीन लिये और जंगल की ओर भाग गये। सूचना मिलने के मैक्लुस्कीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। दोनों मजदूर लेस्लीगंज के रहने वाले हैं।

### अपराधियों ने काम बंद करने की दी थी चेतावनी

स्थानीय लोगों की मानें तो पहले भी अपराधियों ने काम बंद करने की चेतावनी दी थी। होली से पहले तीन अपराधियों ने निर्माणाधीन पुल के पास आकर लेवी की रकम को लेकर धमकी दी थी। इसके बाद काम बंद कर दिया गया था।

## ताजिया जुलूस के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़े, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा

**एजेंसी । सीतामढ़ी**



शहर के मेहसौल चौक व किरण चौक पर बुधवार की सुबह ताजिया जुलूस में करतब दिखाने के क्रम में दो लोगों के बीच आपसी विवाद हो गया। देखते हीं देखते दोनों पक्षों में पत्थरबाजी भी शुरू हो गई। रिपोर्ट्स की मुताबिक पथराव में दोनों पक्ष के करीब दो दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस हल्का बल का प्रयोग कर दोनों पक्षों के युवकों को खदेड़ दिया। पुलिस के हल्का फुल्का लाठीचार्ज के बाद स्थिति कंट्रोल में हुई।

### इलाज के बाद युवकों को भेजा गया घर

इस पत्थरबाजी में दो दर्जन से ज्यादा युवक घायल हो गए। उनको इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद युवकों को सकुशल घर वापस भेज दिया गया। घटना को लेकर शाम को नगर थाना में शांति समिति की बैठक बुलाई गई है। बता दें कि अभी तक किसी पक्ष के तरफ से कोई शिकायत नहीं की गई है।

## स्टेशन परिसर में दो गुटों के बीच चली गोलियां

**एजेंसी । दलसिंहसराय**

दलसिंहसराय रेलवे स्टेशन परिसर में मंगलवार की रात करीब 9.30 बजे जमकर गोली बारी हुई। जिसमें एक युवक गोली लगने से जख्मी हो गया है। जख्मी युवक की पहचान नागरगामा गांव के वार्ड संख्या-7 निवासी विनोद झा के पुत्र विश्वनाथ कुमार झा उर्फ सानू झा के रूप में हुई है। ऐसा बताया जा रहा है कि सानू झा के बाएं पैर में तीन गोलियां लगी हैं। गोली लगने के बाद जख्मी सानू को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया।

### पिछले कुछ महीनों से दो गुटों में चल रहा था विवाद



ऐसा बताया जा रहा है कि पिछले कुछ महीनों से दो गुटों के बीच विवाद चल रहा था। जिसको लेकर मंगलवार की देर शाम दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। मारपीट के बाद दोनों गुट अपने-अपने घर लौट गए। फिर रात करीब 9 बजे दोनों गुट रेलवे स्टेशन परिसर में जुटे और मारपीट शुरू हो गई।

इस दौरान एक गुट की तरफ से गोलीबारी शुरू कर दी गई। जिसमें दूसरे गुट के सानू झा को तीन गोली पैर में लगी। जिसके बाद सभी लोग घटना स्थल से फरार हो गए। आनन-फानन में जख्मी सानू को इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इधर घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर जांच में जुटी है। इस संबध में पुलिस का कहना है कि घटना रेलवे परिसर में घटित हुई है मामला रेल पुलिस के अंदर आती है। रेलवे पुलिस की सहयोग के लिए हमारी टीम मौजूद है।




# नया इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट लाएगी SEBI

- मिनिमम 10 लाख इन्वेस्टमेंट करना होगा

**एजेंसी । मुंबई**

मार्केट रेगुलेटर सेबी ने एक नया मार्केट प्रोडक्ट लेकर आ रहा है। ये प्रोडक्ट म्यूचुअल फंड और पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज (PMS) के बीच होगा। इसे उन इन्वेस्टर्स के लिए लाया जा रहा है जो ज्यादा निवेश कर सकते हैं और रिस्क भी उठा सकते हैं। इस प्रोडक्ट में 10 लाख रुपए से 50 लाख रुपए के बीच निवेश किया जा सकेगा। सेबी चाहता है कि रिटेल निवेशक इस प्रोडक्ट से दूर रहे। सेबी चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने पिछले साल दिसंबर में एक कार्यक्राम में इस आइडिया को प्रपोज किया था। सिक्योरिटी एक्चेंज बोर्ड ऑफ इंडिया की चेयरपर्सन ने कहा था- हमें लगता है कि म्यूचुअल फंड और पीएमएस के बीच कहीं न कहीं एक एडिशनल एसेट क्लास के लिए जगह है। सेबी एक बिल्कुल नए एसेट क्लास पर विचार कर रहा है।




### निवेश के नए प्रोडक्ट में होगा ज्यादा रिस्क

SEBI का कहना है कि निवेश के नए प्रोडक्ट में ज्यादा पैसा लगाना होगा और ज्यादा रिस्क भी रहेगा। ये इसलिए लाया जा रहा है ताकि लोग रिस्क वाले गलत निवेश ना करें। नया तरीका ना तो म्यूचुअल फंड जैसा होगा ना ही प्राइवेट वेल्थ मैनेजमेंट जैसा, बल्कि दोनों के बीच का रास्ता होगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, SEBI को लगता कि अभी कोई ऐसा निवेश का तरीका नहीं है, जिसमें थोड़ा ज्यादा रिस्क लेकर ज्यादा कमाई की जा सके। इसी का फायदा उठाकर ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर लोगों को ठग लिया जाता है। इसलिए SEBI नया प्रोडक्ट ला रही है, जो म्यूचुअल फंड के जैसा ही होगा, लेकिन इसमें ज्यादा रिस्क होगी। इसमें शेयर बाजार के कुछ ऐसे तरीकों का इस्तेमाल भी किया जा सकेगा जो आम तौर पर म्यूचुअल फंड में इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

### अभी नए प्रोडक्ट का नाम तय नहीं

अभी तक नए प्रोडक्ट का नाम नहीं रखा गया है। नए एसेट क्लास में पहले से उपलब्ध ट्रेडिशनल इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स से अलग पहचान बनाने के लिए एक अलग नाम दिया जाएगा। इसमें सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान, सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान और सिस्टमैटिक ट्रांसफर प्लान भी पेश किया जाएगा।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू की 'मानसून धमाका' डिपॉजिट स्कीम

**333 और 399 दिन के लिए करना होगा निवेश, सालाना 7.75% तक ब्याज मिलेगा**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

बैंक ऑफ बड़ौदा (BoB) ने 'मानसून धमाका' नाम से दो नई डिपॉजिट स्कीम शुरू की है। इस स्कीम के तहत 333 दिनों के लिए FD कराने पर 7.15% सालाना ब्याज दिया जाएगा। वहीं सीनियर सिटीजन को सालाना 7.65% के हिसाब से ब्याज दिया जाएगा। वहीं 399 दिनों के लिए FD कराने पर 7.25% सालाना ब्याज दिया जाएगा। वहीं सीनियर सिटीजन को सालाना 7.75% के हिसाब से ब्याज दिया जाएगा।




### बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी ऑफर कर रहा चार स्पेशल स्कीम

बैंक ऑफ महाराष्ट्र अलग- अलग अवधियों के लिए चार स्पेशल डिपॉजिट स्कीम शुरू की हैं। इसमें 200 दिन, 400 दिन, 666 दिन और 777 दिन की FD में निवेश करना होगा। 200-दिन की जमा के लिए ब्याज 6.9%, 400-दिन की जमा के लिए ब्याज दर 7.10%, 666-दिन की डिपॉजिट के लिए 7.15% और 777 दिन की डिपॉजिट के लिए ब्याज 7.25% है।

### SBI ने 'अमृत वृष्टि' डिपॉजिट स्कीम शुरू की

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने भी 'अमृत वृष्टि' नाम से नई डिपॉजिट स्कीम शुरू की है। इस स्कीम के तहत 444 दिनों के लिए FD कराने पर 7 ।25% सालाना ब्याज दिया जाएगा। वहीं सीनियर सिटीजन को सालाना 7 ।75% के हिसाब से ब्याज दिया जाएगा।

## कोल्ड स्टोरेज संस्था ने सरकार को 26 रुपए प्रति किलो आलू बेचने की पेशकश की

**एजेंसी । कोलकाता**

पश्चिम बंगाल कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन (डब्ल्यूबीसीएसए) ने खुदरा बाजार में ऊंची कीमतों के बीच राज्य सरकार को 26 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से आलू की आपूर्ति करने की पेशकश की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फिलहाल खुदरा बाजार में आलू आकार के आधार पर 37-40 रुपैए प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। डब्ल्यूबीसीएसए की हुगली इकाई के एक अधिकारी ने कहा, '' हमने



राज्य सरकार को 'सुफल बांग्ला' को 35 मिमी के न्यूनतम आकार के साथ 50 किलोग्राम के बोरे के लिए 1,300 रुपए (26 रुपए प्रति किलोग्राम) की दर से आलू की आपूर्ति करने का प्रस्ताव भेजा है। यह पुरानी कोल्ड स्टोरेज कीमत है।'' वर्तमान में कोल्ड स्टोरेज की कीमत 28-29 रुपए प्रति किलोग्राम है। कोलकाता में अधिकतर आलू हुगली जिले से आते हैं। कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना ने कहा कि राज्य द्वारा संचालित 'सुफल बांग्ला' दुकानें प्रति परिवार तीन किलोग्राम आलू और एक किलोग्राम प्याज क्रमशः 29 रुपये और 39 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बेच रही हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संबंधित अधिकारियों को सब्जियों की ऊंची कीमतों पर काबू पाने का निर्देश दिया और 10 दिन की समयसीमा तय की थी जो इस सप्ताह समाप्त हो जाएगी। कृषि कार्य बल और प्रवर्तन विभाग जमाखोरी तथा मूल्य हेरफेर को रोकने के लिए खुदरा बाजारों का निरीक्षण कर रहे हैं। हालांकि, कीमतों में अभी तक कोई खास गिरावट नहीं आई है।

## पेरू की कंपनी भारत में ब्लूबेरी का निंजाकार्ट के साथ मिलकर करेगी वितरण

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पेरू की प्रमुख ब्लूबेरी उत्पादक कंपनी कैम्पोसोल ने भारत में विशिष्ट गुणवत्ता वाली ब्लूबेरी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए वॉलमार्ट-समर्थित कृषि स्टार्टअप निंजाकार्ट के साथ समझौता किया है। दोनों पक्षों ने हाल ही में इस आशय के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत देश में एक लाख से अधिक खुदरा दुकानों के जरिये 100 से अधिक शहरों में कैम्पोसोल की ब्लूबेरी के वितरण के लिए निंजाकार्ट की



प्रौद्योगिकी-संचालित आपूर्ति श्रृंखला और व्यापक खुदरा नेटवर्क का इस्तेमाल किया जाएगा। दोनों कंपनियों ने साझा बयान में कहा कि वे मौजूदा सत्र में 250-275 टन पेरू ब्लूबेरी का विपणन करने की योजना बना रही हैं।

## ब्रिटेन में मुद्रास्फीति जून में दो प्रतिशत के लक्ष्य पर स्थिर

**एजेंसी । लंदन**

ब्रिटेन में मुद्रास्फीति जून में बैंक ऑफ इंग्लैंड के लक्ष्य दो प्रतिशत पर स्थिर रही है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह बात सामने आई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने कहा कि वार्षिक मुद्रास्फीति दर में सबसे अधिक वृद्धि रेस्तरां तथा होटल से हुई, जबकि कुछ अर्थशास्त्रियों ने इस वृद्धि की वजह गायिका टेलर स्विफ्ट की ब्रिटेन यात्रा को बताया। इसमें सबसे कम योगदान कपड़ों और जूतों का रहा जिनकी जून में व्यापक बिक्री हुई। जून, 2023 की तुलना में आंकड़ा उम्मीद से अधिक है। अधिकतर अर्थशास्त्रियों ने इसमें 1.9 प्रतिशत की मामूली गिरावट का अनुमान लगाया था। आखिरी बार जुलाई, 2021 में मुद्रास्फीति दो प्रतिशत रही थी।

### आर्थिक वृद्धि को बढ़ाना उनकी लेबर सरकार का मुख्य मिशन



वित्तीय बाजारों का मानना है कि अब यह तय करना कठिन होगा कि बैंक ऑफ इंग्लैंड एक अगस्त को अपनी मुख्य ब्याज दर 5.25 प्रतिशत से कम करेगा या नहीं। संपत्ति प्रबंधन कंपनी एबर्डन (पूर्व नाम एबरडीन एसेट मैनेजमेंट) के उप मुख्य अर्थशास्त्री ल्यूक बार्थोलोम्यू ने कहा, '' आज की मुद्रास्फीति रिपोर्ट बैंक ऑफ इंग्लैंड के अगस्त के दर निर्णय को अनिश्चित बनाए रखेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व और अन्य केंद्रीय बैंकों की तरह बैंक ऑफ इंग्लैंड ने भी मुद्रास्फीति में तेजी से निपटने के लिए 2021 के अंत में ब्याज दरों को आक्रामक रूप से बढ़ाया है। मुद्रास्फीति 2022 के अंत में 11 प्रतिशत के पार पहुंच गई थी।

# पदक का दावा पेश करेंगे 117 खिलाड़ी

**पेरिस ओलंपिक**

| खेल | खिलाड़ियों की संख्या |
|---|---|
| एथलेटिक्स | 29 |
| निशानेबाजी | 21 |
| हॉकी | 19 |
| टेबल टेनिस | 08 |
| बैडमिंटन | 07 |
| कुश्ती | 06 |
| तीरंदाजी | 06 |
| मुक्केबाजी | 06 |
| गोल्फ | 04 |
| टेनिस | 03 |
| तैराकी | 02 |
| सेलिंग | 02 |

**नोट :** घुड़सवारी, जूडो, रोइंग और भारोत्तोलन में एक-एक खिलाड़ी भाग लेंगे

## आभा खटुआ बाहर



**एजेंसी । नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी भाग लेंगे। खेल मंत्रालय ने इसके अलावा सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को भी मंजूरी दी है जिनमें खेल अधिकारी भी शामिल हैं। सहयोगी स्टाफ के 72 सदस्यों को सरकार के खर्चे पर मंजूरी मिली है।

### खटुआ का नाम नहीं

जिन खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था, उनमें से केवल गोला फेंक की एथलीट आभा खटुआ का नाम सूची में नहीं है। विश्व रैंकिंग के जरिए कोटा हासिल करने वाली खटुआ का नाम हटाने को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।



### नारंग दल प्रमुख

लंदन ओलंपिक के कांस्य विजेता पूर्व निशानेबाज गगन नारंग को दल प्रमुख बनाया गया है। नारंग भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में उपाध्यक्ष भी हैं। मंत्रालय की ओर से आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे गए पत्र में कहा गया है, आयोजन समिति के मानदंडों के अनुसार सहयोगी स्टाफ के 67 सदस्य ही खेल गांव में रुक सकते हैं जिनमें आईओए के 11 अधिकारी भी हैं। इनमें पांच सदस्य चिकित्सा दल के हैं। पत्र में कहा गया है, सरकार की लागत पर 72 अतिरिक्त कोच और अन्य सहायक कर्मचारियों को मंजूरी दी गई है।

**आईसीसी रैंकिंग**

# यशस्वी जायसवाल को बंपर फायदा

## हार्दिक पांड्या टॉप-5 से भी आउट

### आईसीसी टी20 ऑलराउंडर्स रैंकिंग

हार्दिक पांड्या जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज का हिस्सा नहीं थे और अब वह टी20 ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में टॉप-5 से भी बाहर हो गए हैं। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप खत्म होते ही हार्दिक नंबर-1 टी20 ऑलराउंडर बन गए थे, लेकिन फिर वानिंदु हसरंगा ने फिर से नंबर-1 का ताज हासिल कर लिया और हार्दिक दूसरे नंबर पर खिसक गए। हार्दिक अब चार पायदान के नुकसान के साथ छठे नंबर पर फिसल गए हैं। ऑलराउंडर के तौर पर अक्षर पटेल को भी रैंकिंग में एक पायदान का नुकसान हुआ है और वो अब 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वॉशिंगटन सुंदर को गेंदबाजी के साथ-साथ ऑलराउंडर्स रैंकिंग में भी तगड़ा फायदा मिला है और आठ पायदान की छलांग के साथ वो 41वें नंबर पर आ गए हैं।



**एजेंसी । दुबई**

इंडिया वर्सेस जिम्बाब्वे पांच मैचों की सीरीज के दौरान टीम इंडिया के शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल का बल्ला जमकर बोला और इसका फायदा दोनों को ताजा जारी टी20 रैंकिंग में भी मिला है। यशस्वी जायसवाल को चार पायदान का फायदा मिला है और वो अब छठे नंबर पर पहुंच गए हैं, वहीं ऋतुराज गायकवाड़ को एक पायदान का नुकसान हुआ और वो फिसल कर 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। सूर्यकुमार यादव इस सीरीज का हिस्सा नहीं थे, हालांकि उनकी रैंकिंग पर कोई असर नहीं पड़ा है और वो दूसरे नंबर पर बरकार हैं। पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रैविस हेड विराजमान हैं। इस तरह से टॉप-10 टी20 बैटर्स में तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। शुभमन गिल की बात करें तो उन्हें रैंकिंग में 36 पायदानों का फायदा मिला है और वो अब 37वें नंबर पर आ गए हैं। गिल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज में सबसे ज्यादा 170 रन बनाए थे। टी20 इंटरनेशनल से रिटायर हो चुके रोहित शर्मा पांच पायदान के नुकसान के साथ 42वें नंबर पर खिसक गए हैं। भारत के रिंकू सिंह को जिम्बाब्वे के खिलाफ ज्यादा बैटिंग का मौका नहीं मिला और जब मिला तो वो कुछ करिश्मा नहीं कर पाए। रैंकिंग में उन्हें आठ पायदान का नुकसान उठाना पड़ा है और वो अब 49वें पायदान पर खिसक गए हैं।

### आईसीसी टी20 बॉलिंग रैंकिंग

कुलदीप यादव और अक्षर पटेल दोनों ही जिम्बाब्वे दौरे पर नहीं गए थे और बॉलिंग रैंकिंग में दोनों को नुकसान हुआ है। अक्षर चार पायदान फिसल कर टॉप-10 से बाहर 13वें नंबर पर चले गए हैं और कुलदीप यादव चार पायदान फिसलकर 16वें नंबर पर चले गए हैं। रवि बिश्नोई को चार पायदान का नुकसान उठाना पड़ा और वो अब 19वें नंबर पर आ गए हैं।

## नागल-ड्रेजेविक की जोड़ी नॉर्डिया ओपन से बाहर



**एजेंसी । बास्ताड (स्वीडन)**

ओलंपिक का टिकट कटा चुके भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल और पोलैंड के उनके जोड़ीदार करोल ड्रेजेविक नॉर्डिया ओपन से बाहर हो गए हैं। उन्हें मंगलवार को पुरुष युगल में 59 मिनट तक चले मुकाबले में एलेक्जेंडर मुलर और लुका वान असचे की फ्रांसीसी जोड़ी ने 6-3, 6-4 से हरा दिया। हालांकि भारत के 26 वर्षीय खिलाड़ी ने एकल में चुनौती बरकरार रखी है। विश्व रैंकिंग में 68वें स्थान पर काबिज नागल का अगला मुकाबला अर्जेंटीना के दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी मारियानो नवोन से होगा।

# रिटायरमेंट के बाद जेम्स एंडरसन को मिली टीम में बड़ी जिम्मेदारी

**एजेंसी । नॉटिंघम**

वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के बाद इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन रिटायर हो गए हैं। रिटायरमेंट के बाद भी इंग्लैंड टीम के साथ इस टेस्ट सीरीज में बने रहेंगे, लेकिन उनको अलग जिम्मेदारी निभानी है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन टेस्ट सीरीज के बाकी बचे दो मैचों के लिए गेंदबाजी मेंटर के रूप में इंग्लैंड टीम में शामिल हो गए हैं। सीरीज का दूसरा मुकाबला नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में गुरुवार 17 जुलाई से खेला जाएगा।

### नए रोल में होंगे एंडरसन


सीरीज के दूसरे मैच से भी एंडरसन नए रोल में होंगे। वे इंग्लैंड की बॉलिंग लाइनअप के मेंटर होंगे और सीरीज के आखिरी दो मैचों में वे इसी भूमिका में रहेंगे। हालांकि, आगे उनकी ये भूमिका टीम के साथ रहेगी या नहीं, इस पर बोर्ड फैसला बाद में करेगा। माना जा रहा है कि उनको टेस्ट टीम में गेंदबाजी कोच और मेंटर की जिम्मेदारी पूर्णकालिक मिल सकती है, क्योंकि इंग्लैंड ने रेड और व्हाइट बॉल के लिए अलग-अलग कोच और कप्तान नियुक्त किए हैं। एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 से ज्यादा विकेट लेने वाले एकमात्र तेज गेंदबाज हैं। 41 वर्षीय एंडरसन को आखिरी टेस्ट मैच में 4 विकेट मिले। उन्होंने अपने टेस्ट करियर को 704 विकेटों के साथ समाप्त किया है। मेजबान इंग्लैंड ने सीरीज के पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी और 114 रनों से मात दी थी। मुकाबला तीसरे दिन के पहले सेशन में ही खत्म हो गया था। जिम्मी को मैच की पहली पारी में एकमात्र विकेट मिला था, जो वेस्टइंडीज की टीम का आखिरी विकेट था। वहीं, दूसरी पारी में एंडरसन 3 विकेट निकालने में सफल हुए थे, क्योंकि डेब्यू करने वाले गस एटकिंसन ने तूफानी गेंदबाजी करते हुए कुल 10 विकेट मैच में चटकाए थे। पहली पारी में उनको 7 विकेट मिले थे। एंडरसन ने जिस मैदान पर टेस्ट डेब्यू किया था, उसी मैदान पर वे अपने अंतिम मुकाबला भी खेलने उतरे थे।



## श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेल सकते हैं रोहित शर्मा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय टीम ने जून में टी20 विश्व कप 2024 जीता और जुलाई के पहले और दूसरे सप्ताह में टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज खेली। अब टीम इंडिया का अगला दौरा जुलाई के आखिर में शुरू होना है, जब श्रीलंका के खिलाफ टीम इंडिया तीन मैचों की टी20 सीरीज और इतने ही मैचों की वनडे सीरीज खेलेगी। टी20 सीरीज के लिए स्पष्ट है कि रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह नहीं खेलेंगे, क्योंकि रोहित और विराट तो वैसे भी संन्यास ले चुके हैं, जबकि बुमराह को आराम दिया गया है। टीम इंडिया के नए हेड कोच गौतम गंभीर ने साफ कर दिया है कि हर खिलाड़ी को तीनों फॉर्मेट के लिए उपलब्ध रहना होगा। ऐसे में क्या रोहित, विराट और बुमराह पर वनडे सीरीज खेलने का दबाव है? तो इसका जवाब है नहीं, क्योंकि बोर्ड ने इन तीनों दिग्गजों को रियायत दी है। हालांकि, रोहित शर्मा की ओर से कुछ संकेत मिले हैं कि वह अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए अपने आप को उपलब्ध करा सकते हैं। इस बात को देखते हुए कि फरवरी-मार्च 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बहुत कम वनडे मैच टीम इंडिया को खेलने हैं।



## बावा को विश्व जूनियर स्क्वॉश में कांस्य पदक



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के शौर्य बावा ने ह्यूस्टन में चल रही विश्व जूनियर स्क्वॉश चैंपियनशिप के लड़कों के एकल सेमीफाइनल में मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त मोहम्मद जकारिया से 0-3 से हारने के बाद कांस्य पदक हासिल किया। बावा पिछले साल के उपविजेता जकारिया से 41 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में 5-11, 5-11, 9-11 से हार गए।

## दीपा मलिक एशियाई पैरालंपिक समिति की दक्षिण एशिया की प्रतिनिधि


**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता दीपा मलिक को एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) ने दक्षिण एशिया के लिए उप क्षेत्रीय प्रतिनिधि नियुक्त किया है। एपीसी की कार्यकारी बोर्ड की बैठक के दौरान इस नियुक्ति की पुष्टि की गई। वह तुरंत पद की जिम्मेदारी संभालेंगी। यह नियुक्ति पैरा खेलों में लैंगिक विविधता और खिलाड़ियों के नेतृत्व के लिए महत्वपूर्ण कदम है। दीपा की भूमिका में दक्षिण एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व करना और इस क्षेत्र में पैरा खेलों के विकास और इन्हें प्रोमोट करने की वकालत करना शामिल होगा।



**पोस्टर जारी**

## 'फिर आई हसीन दिलरुबा' का पहला पोस्टर





अभिनेत्री तापसी पन्नू को आखिरी बार 2023 में शाहरुख खान के साथ फिल्म 'डंकी' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। आने वाले दिनों में तापसी अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'फिर आई हसीन दिलरुबा' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म में विक्रांत मैसी और सनी कौशल भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए दिखाई देंगे। अब निर्माताओं ने 'फिर आई हसीन दिलरुबा' का पहला पोस्टर जारी कर दिया है।

### 9 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी फिल्म

पोस्टर में तापसी, विक्रांत और सनी की तिगड़ी देखने को मिल रही है। यह फिल्म 9 अगस्त, 2024 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'खून को मिटाये ये बारिश, यही है इस कातिलाना इश्क की गुजारिश।'

## 'स्त्री 2' का नया पोस्टर

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' को दर्शकों का खूब प्यार मिला था। यह फिल्म साल 2018 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और अब 6 साल बाद 'स्त्री' की दूसरी किस्त दर्शकों का मनोरंजन करने को तैयार है।




'स्त्री 2' का ट्रेलर कल यानी 18 जुलाई को रिलीज होगा। इससे पहले अब निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें राजकुमार से लेकर श्रद्धा समेत सभी कलाकारों की झलक दिखने को मिल रही है।

### 15 अगस्त, 2024 को रिलीज होगी फिल्म

श्रद्धा और राजकुमार के अलावा पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक बनर्जी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। फिल्म का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। 'स्त्री 2' 15 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अक्षय कुमार-तापसी पन्नू की फिल्म 'खेल खेल में' और अल्लू अर्जुन-रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पाः द रूल' से होगा। इसके अलावा जॉन अब्राहम की फिल्म 'वेदा' भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 'सिंघम अगेन' का क्लाइमेक्स सीन हुआ लीक

अजय देवगन को आखिरी बार फिल्म 'मैदान' में देखा गया था, जिसमें उनके काम की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब प्रशंसक अजय की आगामी फिल्म 'सिंघम अगेन' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान रोहित शेट्टी ने संभाली है।


इस फिल्म में कई बड़े सितारे एक साथ नजर आने वाले हैं। इस बीच 'सिंघम अगेन' का क्लाइमेक्स सीन सोशल मीडिया पर लीक हो गया है। क्लाइमेक्स सीन में अजय का धांसू अवतार दिख रहा है। इस वीडियो में जैकी श्रॉफ की भी झलक दिख रही है। 'सिंघम अगेन' इस साल दिवाली के खास मौके पर यानी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस इस फिल्म का सामना कार्तिक आर्यन की फिल्म 'भूल भुलैया 3' से होगा। रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, अक्षय कुमार से लेकर करीना कपूर तक की झलक फिल्म से सामने आ चुकी थी।



## 'द साबरमती रिपोर्ट' से निर्देशक रंजन ने खींचे हाथ

विक्रांत मैसी की नई फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है। चर्चा की एक वजह तो यह है ही कि फिल्म एक विवादित घटना पर आधारित है, लेकिन अब एक और कारण ने इसे सुर्खियों में ला दिया है और कारण भी कोई मामूली नहीं है।


'द साबरमती रिपोर्ट' को लेकर खबर आई है कि इसके निर्देशक रंजन चंदेल ने अब फिल्म से किनारा कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म को फिर से शूट किया जा रहा है और शूटिंग से ही जुड़े एक विवाद के चलते निर्देशक रंजन चंदेल ने यह फैसला लिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म से हटने की वजह बताते हुए रंजन ने कहा कि उन्होंने 'द साबरमती रिपोर्ट' की शूटिंग पूरी कर ली थी, मगर निर्माता उसमें कुछ और भी चीजें जोड़ना चाह रहे थे और इसी कारण उन्होंने निर्देशन से अपने हाथ खींच लिए। रिपोर्ट के मुताबिक, रंजन और फिल्म निर्माताओं के बीच रचनात्मक स्तर पर कुछ चीजों को लेकर मतभेद था। निर्माता जो बदलाव चाहते हैं, उसे करने के लिए रंजन राजी नहीं हैं, जिसके चलते बात यहां तक पहुंच गई है।




## जावेद अख्तर को मिलेगा नीरज सम्मान

महाकवि गोपाल दास नीरज फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से नीरज सम्मान-2024 के लिए प्रसिद्ध शायर, गीतकार जावेद अख्तर को चुना गया है। 19 जुलाई को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक कार्यक्रम में यह सम्मान उनको प्रदान किया जाएगा।

ट्रस्ट और हिंदी अकादमी नई दिल्ली की ओर से छठे निरंतर नीरज काव्यांजलि समारोह का आयोजन भी प्रेस क्लब में होगा। कार्यक्रम में सिने कलाकार अनु कपूर, फिल्म निर्माता बोनी कपूर, फिल्म निर्माता रूमी जाफरी और फाउंडेशन ट्रस्ट के संरक्षक उपेंद्र राय शिरकत करेंगे। इस मौके पर आयोजित कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने कवि हिस्सा लेंगे।



## इंडियन 2 और सरफिरा का बुरा हाल

सिनेमाघरों में आए दिन कोई न कोई फिल्म रिलीज होती रहती है। इनमें से कई फिल्में दर्शकों के दिलों पर राज करती हैं, तो कई का कुछ दिन में ही बुरा हाल हो जाता है। इन दिनों सिनेमाघरों में कई बड़ी फिल्में लगी हुई हैं, जो दर्शकों का मनोरंजन करा रही हैं। हाल ही में रिलीज हुई कमल हासन की इंडियन 2 और अक्षय कुमार की सरफिरा का कुछ ही दिनों में बुरा हाल होता दिख रहा है। एक्शन फिल्म की किल को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। कमाई के मामले में ये फिल्म अब लाखों में सिमट के रह गई हैं। वहीं, इन फिल्मों से पहले से लगी कल्कि 2898 एडी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म जल्द ही 600 करोड़ का आंकड़ा छूने वाली है।



**इंडियन 2 -** साउथ सुपरस्टार कमल हासन की इंडियन 2 दर्शकों के बीच कुछ खास कमाल दिखाने में फेल साबित हुई है। दर्शकों को इस फिल्म का लंबे वक्त से इंतजार था, लेकिन इसकी रिलीज के बाद लोगों में फिल्म को लेकर बिल्कुल भी उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है। फिल्म ने पांचवे दिन यानी कि मंगलवार को तीन करोड़ रुपये की कमाई की है। इसी के साथ ही फिल्म ने अब तक 65.15 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

**सरफिरा -** अक्षय कुमार की फिल्मों का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। मगर पिछले कई समय से उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अपना जादू बिखरने में फेल साबित होती दिखी हैं। बड़े मियां छोटे मियां के बाद सरफिरा से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन ये फिल्म भी दर्शकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई है। फिल्म की कमाई पहले दिन से निराशाजनक रही है। पांचवे दिन फिल्म ने 1.75 करोड़ रुपये की कमाई की है।



दोपहर



न्यूज़ ब्रीफ

### सबका साथ सबका विकास की जरूरत नहीं, बंद करो अल्पसंख्यक मोर्चा : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हमें सबका साथ और सबका विकास की बात करने की जरूरत नहीं है। हम तय करेंगे कि जो हमारा साथ देगा। हम उसका साथ देंगे। उन्होंने एक कार्यक्रम में जय श्री राम का नारा लगाते हुए कहा कि हम जीतेंगे और हिंदुओं को बचाएंगे। हम तय करेंगे कि जो हमारा साथ देगा, हम उनका साथ देंगे। जो हमारे साथ, वह हमारे साथ है। सबका साथ, सबका विकास बंद करो। अल्पसंख्यक मोर्चा की कोई जरूरत नहीं है। इसे बंद करो। हम संविधान को बचाएंगे।

### राज्य की सरकारी नौकरियों में अग्निवीरों को 10% आरक्षण मिलेगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा सीएम नायाब सिंह सैनी ने बुधवार को घोषणा की है कि अग्निवीरों को सरकारी नौकरी में 10% आरक्षण मिलेगा। ग्रुप C और D की भर्तियों में 3 साल की छूट भी मिलेगा। ग्रुप C की भर्ती में 5 फीसदी आरक्षण मिलेगा। इसके साथ ही 5 लाख तक का लोन बिना ब्याज के मिलेगा। पुलिस, माइनिंग गार्ड में भी छूट दी जाएगी।

### प. बंगाल की नहर में सिक्किम के पूर्व मंत्री का शव मिला, 9 दिन से थे लापता

**सिलीगुड़ी।** सिक्किम के पूर्व मंत्री आरसी पौड्याल का शव पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी के पास एक नहर में मिला। पुलिस ने बुधवार (17 जुलाई) को पौड्याल का शव मंगलवार को फुलबारी में तीस्ता नहर में तैरता पाया गया। पुलिस को संदेह है कि शव तीस्ता नदी के ऊपरी हिस्से से नीचे लाया गया होगा। पौड्याल 9 दिन पहले लापता हुए थे

### तेलंगाना में आवारा कुत्तों ने बच्चे को नोंचकर मार डाला

**तेलंगाना।** तेलंगाना में हैदराबाद के जवाहर नगर में आवारा कुत्तों के झुंड द्वारा नोंचने से एक 18 महीने बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। यह घटना मंगलवार की रात को घटी। बच्चा अपने घर से बाहर निकला, तभी एक आवारा कुत्ता बच्चे को कुछ दूर तक घसीटकर ले गया। इस दौरान कुछ अन्य कुत्ते भी मौके पर पहुंचकर बच्चे को काटने लगे, जिससे वह घायल हो गया। बच्चे को तुरंत पास के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बच्चे के माता-पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### जंगली हाथी के हमले के विरोध में वायनाड में लोगों का प्रदर्शन

**वायनाड।** केरल के वायनाड में जंगली हाथी के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बाद बुधवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस में मृतक के शव को रखकर सड़क अवरुद्ध कर दिया। रविवार को 52 वर्षीय राजू पर जंगली हाथी ने हमला कर दिया था, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे मंत्री ओआर केलू के प्रति भी नाराजगी जताई। लोगों ने मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा और उसके पुत्र को स्थायी सरकारी नौकरी देने की मांग की।

# केजरीवाल को अभी जेल से आजादी नहीं

## केजरीवाल की जमानत-गिरफ्तारी पर फैसला सुरक्षित ● हाईकोर्ट रेगुलर बेल पर 29 जुलाई को करेगा सुनवाई

### बहस के दौरान पाकिस्तान का भी जिक्र

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फिलहाल जेल में ही रहना होगा। हाई कोर्ट ने सीबीआई की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है, जबकि जमानत की याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई होगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को ईडी केस में पहले ही सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है, लेकिन सीबीआई केस में गिरफ्तारी की वजह से बाहर नहीं निकल पाए हैं। बुधवार को जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की अदालत में लंबी सुनवाई हुई। केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और सीबीआई की तरफ से हाजिर हुए डीपी सिंह ने कई दलीलें रखीं। जस्टिस कृष्णा ने कहा, 'गिरफ्तारी पर फैसले के लिए मुझे 7-10 दिन की जरूरत है। जमानत पर 29 जुलाई को बहस होगी।' केजरीवाल की ओर से सिंघवी ने गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए उनके खराब स्वास्थ्य का भी हवाला दिया। वहीं, सीबीआई ने गिरफ्तारी को जायज बताते हुए कहा कि जमानत याचिका पर सुनवाई पहले ट्रायल कोर्ट में होनी चाहिए, इसके लिए सीधे हाई कोर्ट में याचिका दायर करना ठीक नहीं है।

### पंजाब सरकार के कुछ अधिकारियों की जांच की मंजूरी नहीं दी गई : CBI

सीबीआई ने कहा कि वे पंजाब सरकार के कुछ अधिकारियों की भी जांच करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए मंजूरी नहीं दी गई। जांच को रोकने की कोशिश की गई। सिंह ने कहा, 'सवाल यह है कि कौन प्रभाव डाल सकता है और जांच को डिटेल कर सकता है। यही (केजरीवाल) वह शख्स हैं। हमारे पास पर्याप्त सामग्री है। यह उन्हें गिरफ्तार करने का सही समय था। कौन देखता है कि गिरफ्तारी वैध या अवैध? मेरी पहली परीक्षा तब कोर्ट ने ली जब उन्हें पेश किया गया। और हमने परीक्षा पास की।'




**जमानत की याचिका पर 29 जुलाई को सुनवाई होगी**

### हम पाकिस्तान की तरह नहीं : CBI

सीबीआई के वकील ने केजरीवाल को मिली जमानत आदेशों का जिक्र करते हुए कहा, 'पहला आदेश चुनाव के लिए था। क्या इस पर वे बघार सकते हैं? यह हमारी ज्यूडिशियल सिस्टम की मजबूती दिखाता है कि चुनाव के लिए जमानत दी गई। यह दिखाता है कि हम पाकिस्तान जैसे नहीं है, जैसा कि उन्होंने कहा।' बेंच ने कहा, 'सही, पहली जमानत चुनाव के लिए थी, लेकिन दूसरा और तीसरा आदेश मेरिट पर था।' इस पर सीबीआई ने कहा, 'नहीं, दूसरा जो आदेश ट्रायल कोर्ट की तरफ से था उस पर वजहें बताते हुए इस कोर्ट ने रोक लगा दी है।'

**जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की अदालत में बुधवार को हुई लंबी सुनवाई**

### कौन तय करेगा जांच : CBI

सीबीआई के वकील डीपी सिंह ने कहा, 'इंश्योरेंस अरेस्ट की बात तर्कसंगत नहीं है। उनका कहना है कि पूछताछ 9 घंटे चली। हमारे पास ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग है। हर चीज को टाइप किया गया। उन्होंने चेक किया और करेक्शन कराए। उन्हें शामिल किया गया। इस बीच सीबीआई दफ्तर के बाहर भारी भीड़ थी। कौन तय करेगा कि कैसे जांच करनी है? क्या वे फैसला करेंगे?'

### शुगर लेवल 5 बार 50 से नीचे

सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल के सबूतों से छेड़छाड़ का डर नहीं है ना ही देश छोड़कर भागने की आशंका। केजरीवाल ने कहा, 'मेरी पार्टी का नाम आदमी पार्टी है, हर किसी को बेल मिल रहा है, लेकिन मुझे नहीं। हाल के समय में 5 बार मेरा ब्लड प्रेशर 50 के नीचे चला गया। कृपया पूरी तस्वीर देखें और फैसला करें।'

### 'अंतरिम जमानत ही दे दीजिए'

सिंघवी ने कहा कि सीबीआई के पास तब भी वही सामग्री थी जब वे पूछताछ के लिए आए थे। उन्हीं के आधार पर अब गिरफ्तार कर लिया। सिंघवी ने कहा, 'यदि इस केस में देरी होती है, हमने अंतरिम जमानत के लिए याचिका दायर की है। यदि सीबीआई ज्यादा टाइम लेती है, मुझे अंतरिम जमानत पर रिहा किए जाने की अपील करता हूं।' इस पर सीबीआई के वकील ने कहा कि वह आज ही जवाब देंगे लेकिन यदि दलीलें चार बजे के बाद भी जारी रहती हैं तो अदालत दूसरी तारीख पर भी आगे की सुनवाई कर सकती है।

### यह इंश्योरेंस अरेस्ट है : सिंघवी

सिंघवी ने कहा कि सीबीआई के लिए संतोषजनक जवाब सिर्फ होगा कि उनके मुताबिक कह दूं कि मैंने 100 करोड़ रुपए रिश्वत की मांग की। सिंघवी ने कहा, 'मैं जेल में बंद हूं। आप कभी भी मुझसे पूछताछ कर सकते हैं। इसलिए मैंने कहा कि यह इंश्योरेंस अरेस्ट है। इस आदमी को बाहर नहीं निकलना चाहिए।'

### हम अंतरिम जमानत के बाद भी कर सकते थे गिरफ्तार : CBI

सीबीआई ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 10 मई को केवल प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी। मैं इसे इस रूप में देखथा हूं कि गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। वह ईडी केस में बाहर निकले। हम उस दिन भी गिरफ्तार कर सकते थे। लेकिन यह कुछ ऐसा होता जिसे अधिक आगे बढ़ना कहा जाता। एक जिम्मेदार एजेंसी होने के नाते हमने इंतजार करने का फैसला किया। 2 जून को उन्होंने सरेंडर किया। हम उन्हें गिरफ्तार करना चाहते थे लेकिन वह अंतरिम जमानत पर थे। हमने ऐसा नहीं किया क्योंकि इसे कानून में दुर्भावना कहा जाता।'

### कब किसे गिफ्तार करना है, यह तय करना हमारा अधिकार : CBI

सिंह ने कहा, 'यह तय करना मेरा अधिकार है कि किस आरोपी को कब गिरफ्तार करना है। वह मुख्यमंत्री हैं। उनकी भूमिका शुरुआत में साफ नहीं थी। क्योंकि यह आबकारी मंत्री के तहत हुआ। कुछ चीजें हमारे सामने आईं लेकिन हमने आगे बढ़ने का फैसला नहीं किया क्योंकि वह मुख्यमंत्री हैं। हमने मंत्री (मनीष सिसोदिया) को गिरफ्तार किया। उन्हें जमानत नहीं दी गई है। इस कोर्ट ने दो बार ठुकराया है, अब सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। जिन पांच लोगों को जमानत मिली हैं वे के कविता, मनीष सिसोदिया या अरविंद केजरीवाल के मातहत काम कर रहे थे। वे प्राथमिक व्यक्ति नहीं हैं। वे उनके अंडर काम कर रहे थे।'

### मुझे किसी भी तरह जेल में रखना चाहते हैं : केजरीवाल

कोर्ट में अपनी पक्ष रखते हुए सीएम केजरीवाल ने कहा कि अंतरिम जमानत खत्म होने पर मैंने सरेंडर किया। स्पेशल जज ने 20 जून को मुझे जमानत दी। इससे साफ है कि सीबीआई के दिमाग में खलबली मच गई। मैं सीबीआई को दोष नहीं दूंगा, ऐसा किसी और के दिमाग में हुआ। उन्हें लगा की सुप्रीम कोर्ट का फैसला मेरे हक में आया और ट्रायल कोर्ट से भी जमानत मिल गई। उन्होंने मुझे फिर ट्रायल कोर्ट के सामने पेश करके अरेस्ट कर लिया। इस महीने सुप्रीम कोर्ट ने मुझे जमानत दे दी। लेकिन मैं इस इंश्योरेंस अरेस्ट की वजह से वापस बैरक में पहुंच गया। वे साम-दाम-दंड-भेद हर तरीके से चाहते हैं कि मैं जेल में ही रहूं। मुझे गिरफ्तार करने की कोई जरूरत या मंशा नहीं थी। लेकिन गिरफ्तार सिर्फ इस वजह से किया गया ताकि जेल के अंदर रखा जा सके।

### आचार संहिता लागू होने के बाद किया अरेस्ट

कोर्ट में सिंघवी ने दलील देते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी लेकिन हाईकोर्ट ने उस आदेश पर रोक लगा दी। वहीं केजरीवाल ने कहा, '2023 के आठ महीने बीत जाने पर उन्होंने मुझे गिरफ्तार करने या पूछताछ करने के लायक नहीं समझा। इसके बाद 2024 में भी तीन महीने बीत गए। 21 मार्च 2024 को, आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद, मुझे ईडी गिरफ्तार करती है। ईडी हिरासत में रहते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मुझे तीन हफ्ते की अंतरिम जमानत दी। सुप्रीम कोर्ट को नहीं लगता कि मैं सबूतों से छेड़छाड़ करूंगा, गवाहों को प्रभावित करूंगा या देश छोड़कर भाग जाऊंगा।'

### 'रिहाई रोकने के लिए ही गिरफ्तारी'

सिंघवी ने कहा, 'दुर्भाग्य से यह इंश्योरेंस अरेस्ट है। साफ तौर पर सीबीआई गिरफ्तार नहीं करना चाहती थी और ना ही उनके पास मैटेरियल था। लेकिन सीबीआई ने महसूस किया कि वह दूसरे केस में बाहर आ सकते हैं और इसलिए गिरफ्तार कर लिया। बेहद सख्त प्रावधानों के बावजूद मेरे पक्ष में रिहाई के दिन आदेश हैं। पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दी। हाल ही में फिर अंतरिम जमानत मिली। एक आदेश ट्रायल कोर्ट से आया जिस पर हाई कोर्ट ने रोक लगा दी।'

### सीबीआई से मांगा था जवाब

इससे पहले 5 जुलाई को कोर्ट ने सीबीआई से जवाब मांगते हुए 17 जुलाई को सुनवाई की तारीख दी थी। केजरीवाल को सीबीआई ने 26 जून को गिरफ्तार किया था, जब वह पहले से ईडी केस की वजह से न्यायिक हिरासत में थे। ट्रायल कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी को अवैध करार देने से इनकार किया था। इसके बाद केजरीवाल ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। पिछली सुनवाई पर सीबीआई ने कोर्ट से कहा था कि केजरीवाल ने जमानत के लिए निचली अदालत में याचिका दायर नहीं की है, वह सीधे हाई कोर्ट आ गए हैं।

### सिर्फ एक आधार पर हुई गिरफ्तारी

केजरीवाल के वकील ने कहा कि वह सीएम हैं, कोई आतंकवादी नहीं। उन्होंने पूछताछ के लिए ट्रायल कोर्ट में आवेदन दिया जिसे स्वीकार कर लिया गया। मुझे कोई नोटिस भी नहीं भेजा गया। सुनवाई के दौरान इमरान खान के मामले का जिक्र आया। सिंघवी ने केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए ट्रायल कोर्ट में सीबीआई की अर्जी का हवाला दिया। उन्हें गिरफ्तार करने की केवल एक वजह बताई गई है। ट्रायल कोर्ट को इसकी अनुमति नहीं देनी चाहिए थी। इसका आधार क्या है? कि मैं संतोषजनक जवाब नहीं दे रहा हूं। मान लीजिए कि मैं कहता हूं कि मैं किसी चीज का जवाब नहीं दूंगा। मैं एक बड़ा सवाल पूछता हूं, लेकिन क्या मी लॉर्ड कहेंगे कि जवाब नहीं देने के कारण मुझे गिरफ्तार कर लिया जाए? ऐसे में अनुच्छेद 22 और 23 का क्या होगा?

# जम्मू में आतंकियों की आएगी शामत

## 6 जिलों के 48 ठिकानों पर सुरक्षा बलों ने बनाई रणनीति

एजेंसी । जम्मू

जम्मू क्षेत्र को आतंकवादियों से मुक्त करने के लिए, सुरक्षा बलों ने छह जिलों में चार दर्जन स्थानों पर बहु-सुरक्षा बल तैनात करने की रणनीति अपनाई है। इस रणनीति के तहत, सेना, जम्मू और कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों को शामिल किया गया है। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बताया कि हाल की आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है।



**लक्ष्य स्थान और रणनीति :** राजौरी, पुंछ, रियासी, कठुआ, उधमपुर और डोडा जिलों में कम से कम 48 स्थानों की पहचान की गई है। इन क्षेत्रों में सटीक ऑपरेशन करने के लिए मानव खुफिया और तकनीकी हस्तक्षेप का उपयोग किया जाएगा। सुरक्षा बल इन इलाकों में घने जंगलों में छिपे आतंकवादियों पर दबाव बनाने के साथ-साथ संभावित आतंकवादी हमलों को रोकने के लिए रणनीतिक स्थानों पर तैनात रहेंगे।

### पहाड़ियों पर निगरानी

सुरक्षा बलों की तैनाती पहाड़ियों पर भी की जाएगी ताकि वे सुरक्षा काफिले की आवाजाही की निगरानी कर सकें। आतंकवादी पहाड़ियों की ऊँचाइयों का लाभ उठाकर संकरी और भीड़भाड़ वाली सड़कों पर काफिलों को निशाना बनाते हैं।

### हाल की घटनाएं

सोमवार देर रात डोडा जिले के देसा जंगल में एक तलाशी दल पर हमला किया गया, जिसमें एक अधिकारी समेत चार सैनिक मारे गए। इस हमले को जैश-ए-मोहम्मद के प्रॉक्सी संगठन कश्मीर टाइगर्स ने अंजाम दिया। सुरक्षा बलों को संदेह है कि हमलावर पाकिस्तानी आतंकवादियों और पाकिस्तान के विशेष सेवा समूह के कमांडो का मिश्रण थे, जो गुरिल्ला युद्ध में प्रशिक्षित थे।

# चावल चोरी मामले में भाजपा नेता मणिकांत राठौड़ गिरफ्तार

## छह हजार क्विंटल खाद्यान्न हुआ था गायब

एजेंसी । बंगलुरू

कर्नाटक भाजपा के नेता मणिकांत राठौड़ को चावल चोरी मामले में



गिरफ्तार किया गया है। यह मामला कर्नाटक सरकार की अन्न भाग्य योजना से जुड़ा है। पुलिस ने कलबुर्गी शाहपुर स्थित आवास से भाजपा नेता को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इससे पहले मणिकांत टैगोर को पूछताछ के लिए समन जारी किया था, लेकिन भाजपा नेता पूछताछ के लिए पुलिस के सामने पेश नहीं हुए थे।

### छह हजार क्विंटल से ज्यादा चावल हुआ था चोरी

मणिकांत को 6077 क्विंटल चावल चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। चोरी हुए चावल की कीमत दो करोड़ रुपए से ज्यादा थी। यह चावल यादगिर जिले के एक सरकारी गोदाम से गायब हुआ था। राठौड़ ने साल 2023 में भाजपा के टिकट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे के खिलाफ चुनाव लड़ा था। हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। अन्न भाग्य योजना के तहत कर्नाटक सरकार हर गरीब परिवार को हर महीने 10 किलोग्राम अनाज मुफ्त देती है।

**क्राइम फाइल** इंजेक्शन देकर मौत की नींद सुलाया, 45 दिन बाद हुआ गिरफ्तार

# गर्लफ्रेंड के लिए बीवी और बच्चों को मार डाला

एजेंसी । हैदराबाद

अकसर अवैध संबंधों का अंत अपराध की दहलीज पर होता है। आंध्र प्रदेश में अवैध संबंधों के चलते एक डॉक्टर ने तो दरिंदगी की सारी सीमाएं लांघ दीं। फिजियोथेरेपिस्ट बी. प्रवीण ने गर्लफ्रेंड के साथ रहने के लिए अपने परिवार को ही उजाड़ दिया। उसने अपनी पत्नी और दो नौनिहाल बच्चियों को मार डाला। फिर उसे कार हादसे का रंग दे दिया और 45 दिनों तक अपनी गर्लफ्रेंड के साथ मजे से रहता रहा। यह मामला खुला तो हर कोई फिजियोथेरेपिस्ट बी. प्रवीण की हैवानियत जान सन्न रह गया। 32 साल के प्रवीण ने अपनी पत्नी को एनेस्थीसिया की ओवरडोज दे दी और फिर उसे कार हादसे का रंग दे दिया।



### पत्नी के शरीर पर मिले इंजेक्शन लगाने के निशान

उन्होंने इस हादसे के खुलासे पर कहा, 'कुमारी के शरीर पर हमें सुई लगने के निशान मिले, जिससे हमें संदेह हुआ था। कुमारी और बच्चों के शरीर पर कोई और निशान नहीं थे। इसके बाद पोस्टमार्टम करके शव परिवार को सौंप दिए गए। इसके बाद जब जांच टीम जब हादसे वाली जगह पहुंची तो वहां इंजेक्शन पाया गया। यह कार में मिला था। यह खाली था, लेकिन इससे एक क्लू मिला कि शायद कुछ गलत हुआ था।' इसके बाद इंजेक्शन को जांच के लिए लैब में भेजा गया। तब तक प्रवीण हैदराबाद के एक अस्पताल में नौकरी करता रहा है और गर्लफ्रेंड के साथ रह रहा था।

### डेढ़ महीने तक किसी को खबर नहीं


यही नहीं अपनी 5 और तीन साल की बच्चियों कृषिका एवं कृतिका के नाक और मुंह दबाकर उन्हें मार डाला। यह सब उसने इसलिए किया ताकि अपनी गर्लफ्रेंड सोनी फ्रांसिस के साथ रह सके। उसने इस तिहरे हत्याकांड को इस तरह अंजाम दिया कि डेढ़ महीने तक सामान्य जिंदगी जीता रहा और किसी को खबर नहीं लगी। पुलिस की ओर से पकड़े जाने तक किसी को उस पर शक तक नहीं था। उसने 28 मई को इस कांड को अंजाम दिया और अब जाकर पकड़ा गया। उसने पत्नी कुमारी को एनेस्थीसिया का इंजेक्शन लगा दिया था। हाई डोज का इंजेक्शन देने के बाद कार दुर्घटना का रंग दे दिया। पुलिस को यह इंजेक्शन मिला था तो उसे शक हुआ कि इसका गलत इस्तेमाल हुआ होगा। फिर जांच की तो सारा मामला ही खुल गया। उसने अपनी बेटियों को कार की अगली सीट पर बिठाया और फिर उनके मुंह और नाक बंद कर दिए। इससे उनका दम घुट गया और मौत हो गई। 48 दिनों के बाद पुलिस ने प्रवीण को पकड़ा है, जिसे अब न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## केदारनाथ से 228 किलो सोना गायब होने का मामला

# 'स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सनसनी न फैलाएं, सबूत है तो कोर्ट जाएं'

एजेंसी । नई दिल्ली

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने 15 जुलाई को केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना गायब होने का आरोप लगाया था। इस पर श्री बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा- स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सिर्फ सनसनी फैलाना चाहते हैं। सबूत हैं तो सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट जाएं। अजेंद्र अजय ने कहा- मैं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



का सम्मान करता हूं, लेकिन वे दिनभर प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहते हैं। विवाद खड़ा करना, सनसनी फैलाना और चर्चाओं में बने रहना अविमुक्तेश्वरानंद की आदत है। अगर स्वामी कांग्रेस के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्हें अनावश्यक विवाद खड़ा करने और केदारनाथ की गरिमा को ठेस पहुंचाने का कोई अधिकार नहीं है।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने क्या कहा था?

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद 15 जुलाई को मुंबई में थे। उन्होंने दिल्ली में 'केदारनाथ मंदिर' जैसा मंदिर बनाने पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा- भगवान के हजार नाम हैं, किसी और नाम से मंदिर बनाएं... पूजा करें। जनता को भ्रम में न डालें। क्या दिल्ली में मंदिर बनाने के पीछे राजनीति है, इस पर शंकराचार्य बोले- हमारे धर्म स्थानों पर राजनीति वाले प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, केदारनाथ धाम से 228 किलो सोना गायब कर दिया गया और आज तक जांच नहीं हुई। कौन जिम्मेदार है? अब वहां घोटाला कर लिया तो दिल्ली में मंदिर बनाएंगे? वहां दूसरा घोटाला करेंगे? हम यह बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं।